卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 344 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦26 सितम्बर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## मुठभेड़ में एक और शातिर बदमाश को लगी गोली

### जसपुर क्षेत्र में 12 घंटे के भीतर दूसरी मुठभेड़, लूटकाण्ड में शाामिल था बदमाश

काशीपुर/जसपुर(उद संवाददाता)। जनपद को अपराधमुक्त बनाने के लिए एसएसपी मणिकांत मिश्रा की ताबड़तोड़ कार्यवाही जारी है। मंगलवार देर रात जसपुर क्षेत्र में हुई मुठभेड़ के दौरान फरार हुए दूसरे बदमाश को भी पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। दूसरे बदमाश को भी मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगी है। उसे अस्पताल भर्ती कराया गया है। गिरफ्तार किये गये बदमाश का लम्बा आपराधिक इतिहास रहा है। उस पर एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज है। बता दें मंगलवार देर रात करीब दो बजे



पुलिस टीम जसपुर में सूत मिल के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर दो संदिग्ध आते दिखाई दिये। रुकने का इशारा करने पर बाइक सवार बदमाशों नें पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने फायरिंग की। पुलिस और बदमाशों के बीच हुई कई राउंड फायरिंग के चलते बदमाश खेतों में घुस गए। इस दौरान पुलिस की गोली एक बदमाश के पैर में लग गई उसे पुलिस ने दबोच लिया। घायल बदमाश की पहचान दिलशाद के रूप में हुई थी। जबकि फरार हुआ बदमाश साजिद उर्फ काला पुत्र मजदीद निवासी टांड बदली जिला रामपुर था जिसकी तलाश के लिए एसएसपी ने टीम का गठन किया था। पुलिस टीम लगातार उसकी तलाश में जुटी थी। बुधवार देर रात पुलिस साजिद की तलाश में जुटी थी। पुलिस को जानकारी मिली कि फरार चल रहा बदमाश साजिद कूंडा क्षेत्र किसी गांव में छिपा हुआ है और यूपी भागने की फिराक में हैं। जिस पर पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान साजिद और एक (शेष पृष्ठ सात पर)

## डीजीपी की जन सुनवाई में दिव्यांग से बदसलूकी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रदेश के डीजीपी अभिनव कुमार द्वारा आज कोलवाली परिसर में जलन सुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें उन्होंने



नगर व निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों से आये फरियादियों की कानून व्यवसथा सम्बंधी समस्याओं को सुनकर उनका समाधान कराने का भरोसा दिया। जनसुनवाई के दौरान अपनी शिकायत लेकर आये एक दिव्यांग व्यक्ति के साथ कुछ पुलिसकर्मियों द्वारा बदसलूकी करने का मामला भी सामने आया। जो चर्चा का विषय बना रहा। बताया जाता है कि डीजीपी के जनसुनवाई कार्यक्रम में एक दिव्यांग व्यक्ति दीपक सुयाल अपनी एक शिकायत (शेष पृष्ठ सात पर)

## बेटे को जेल से छुड़ाने के नाम पर ढाई लाख ठगे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक किसान को फोन कर उसका बेटा जेंल में होने और उसे छुड़ाने के नाम पर ढ़ाई लाख रूपये ठग लिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में आवास विकास कालोनी निवासी केवल कृष्ण बंसल ने कहा है कि वह अपने फार्म मे खेती का कार्य करता है। उसका बेटा पंकज बन्सल अपनी कम्पनी के कार्य हेतु माह जुलाई 2024 में दुबई गया हुआ था। जिसकी 5 अगस्त की रात को भारत वापसी थी। उसने बताया 5 अगस्त को प्रात: उसकें मोबाइल पर किसी अज्ञात व्यक्ति का फोन आया जिसने कहा वह दुबई से इन्सपेंक्टर बोल रहा है। उसने बेटे के बारे में पूछा तो उसे बताया कि बेटा नॉयेडा में है फिर उसने कहा तुम्हारा बेटा दुबई में है । उसने बताया लड़के कार से कही घूमने जा रहे थे। एक लड़का गोरा कार के नीचे आ गया। जो आईसीयू में भर्ती है और तुम्हारा बेटा जेल में है। जिसे छुड़वाने के एवज में उसने दो लाख पचास हजार की डिमांड की और कहा कि लड़के पर कोई केस नही बनने दूंगा। केवल कृष्ण बंसल ने बताया कि वह घबरा गया और उसने अपने लड़के (शेष पृष्ठ सात पर)

## एसटीएफ ने बिहार से दबोचा लाखों की ठगी का आरोपी

### रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर की थी ठगी, आरोपी पर घोषित था पच्चीस हजार का ईनाम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी के फरार आरोपी को उत्तराखण्ड एसटीएफ ने बिहार के सिवान क्षेत्र से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पकड़े गये आरोपी पर 25000 का ईनाम घोषित था वह लम्बे समय से फरार चल रहा था। जानकारी के अनुसार राज्य के शातिर एवं इनामी अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एसटीएफ की टीम ने एक ऑपरेशन में थाना रुद्रपुर के 25000 के ईनामी अपराधी अक्षेश्वर तिवारी पुत्र भुवनेश्वर तिवारी निवासी मुबारकपुर थाना चैनपुर जनपद



सिवान, बिहार के खिलाफ चलाया थ्ज्ञा। टीम ने बिहार के चैनपुर थाना क्षेत्र से आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार ईनामी थाना रुद्रपुर से ठगी व धोखाधड़ी के एक मुकदमें में फरार चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी हेतु न्यायालय द्वारा स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। ईनाम घोषित होने के बाद से वह बिहार व पंजाब में छिपकर रहा था । एसएसपी एसटीएफ नवनीत भुल्लर ने बताया कि उत्तराखण्ड एसटीएफ द्वारा पिछले कई दिनों से उक्त ईनामी अपराधी की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे थे परन्तु ईनामी बार-बार अपनी लोकेशन चेंज कर रहा था और मोबाइल नम्बर भी बदल रहा था। लेकिन पिछले कई दिनों से उसकी लोकेशन बिहार के सिवान जिले में आने पर टीम गिरफ्तारी हेतु बिहार के लिए रवाना की गयी थी । आरोपी को ट्रांजिट रिमांड के (शेष पृष्ठ सात पर)

## महिला की मौत पर निजी चिकित्सालय में हंगामा

### परिजनों ने प्रबंधन पर उपचार में लगाया लापरवाही का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज प्रात: किच्छा मार्ग पर स्थित एक निजी चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती वृद्धा की हुई मौत के बाद परिजनों ने चिकित्सालय में जमकर हंगामा किया और चिकित्सकों पर उपचार में लापरवाही का आरोप लगाया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंचकर दोनों पक्षों से



बातचीत की और मामले को आपसी सहमति से सुलझाया। मामले की जानकारी देते हुए उत्तरांचल कालोनी किच्छा निवासी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि उनकी वृद्ध माता 70 वर्षीय चना देवी पत्नी स्व. गोपाल सिंह का गत 17 सितम्बर को अचानक स्वास्थ्य खराब हो गया। जिस पर उन्हें उपचार के लिए किच्छा मार्ग में स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उनका प्राथमिक उपचार चल रहा था। उन्होंने बताया कि आज सुबह उन्हें बताया गया कि उनकी माता का निधन हो गया है। लक्ष्मण सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि चिकित्सालय के डाक्टर आयोजित एक दौड़ में शामिल होने के लिए गये हुए थे। चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को देखने के लिए कोई भी चिकित्सक मौजूद नहीं था। मरीजों के उपचार में भारी लापरवाही (शेष पृष्ठ सात पर)

## आपसी विवाद में दबंगों ने युवक पर झोंका फायर,बाल-बाल बचा

रुद्रपुर। कोतवाली क्षेत्र भूरारानी में युवक पर फायरिंग करने का मामला प्रकाश में आया है । फायरिंग में युवक बाल बाल बच गया। पुलिस के पहुंचने से पहले फायरिंग के आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने युवक से घटना की जानकारी ली। जानकारी के मुताबिक बुधवार रात करीब 11 बजे भूरारानी में फायरिंग की सूचना पुलिस को मिली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच पड़ताल की। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही फायरिंग करने वाले भागने में सफल हो गए। पुलिस के मुताबिक भूरारानी निवासी गोलू पासवान का गांव के ही कुछ युवकों से विवाद हुआ। इस पर उक्त लोगों ने गोलू पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। फायरिंग में युवक बाल बाल बच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक गोलियों की तड़तड़ाहट से गांव में दहशत फैल गई। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि भूरारानी में फायरिंग की सूचना पुलिस को मिली थी। सूचना पर ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की। फायरिंग करने वाले फरार है। तलाश की जा रही है। तहरीर मिल गई है,पुलिस मुकदमा दर्ज कर रही है।

## ‘निकाय चुनाव’ की सबसे बड़ी ‘बाधा’ हुई दूर

### पंद्रह नगर निकायों में दोबारा ओबीसी सर्वेक्षण का कार्य हुआ पूरा,एकल सदस्यीय समर्पित आयोग ने तैयार किया अनुपूरक रिपोर्ट का फाइनल ड्राफ्ट,सूबे के तीन नगर निकायों को किया गया अपग्रेड

-अर्श-

देहरादून। हाल ही में गैरसैंण में संपन्न विधानसभा सत्र के दौरान, उत्तराखंड में प्रस्तावित नगर निकाय चुनाव के संबंध में एकल सदस्यीय आयोग द्वारा किए गए ओबीसी सर्वेक्षण पर,सत्ता पक्ष के ही कुछ विधायकों द्वारा असहमति की मोहर लगाए जाने के बाद, निकाय चुनाव की राह में खड़ी हुई सबसे बड़ी बाधा, एकल सदस्यीय समर्पित आयोग ने पंद्रह निकायों में दोबारा ओबीसी सर्वेक्षण का काम पूरा करके अब दूर कर दी है ।याद दिलाना होगा कि नगर निकाय में ओबीसी आरक्षण बढ़ाए जाने को लेकर उत्तराखंड विधानसभा सत्र में प्रस्तुत किया गया संशोधन विधेयक, सत्ता पक्ष के ही कुछ विधायकों के विरोध के बाद प्रवर समिति को सौंप दिया गया था। इसके बाद यह माना जाने लगा था कि सूबे के निकाय चुनाव की घड़ी आने में अभी लंबा वक्त लगेगा ,लेकिन नैनीताल उच्च न्यायालय में लंबित एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार द्वारा शपथ पत्र प्रस्तुत कर ,आगामी दिसंबर माह की समाप्ति के पूर्व प्रदेश में नगर निकाय चुनाव कराए जाने की संपूर्ण




रूपरेखा प्रस्तुत कर दिए जाने के बाद, सभी की निगाहें विधानसभा अध्यक्ष रितु भूषण खंडूरी द्वारा बनाई गई प्रवर समिति एवं एकल सदस्यीय समर्पित आयोग पर लगी गई थी। अब खबर है कि उत्तराखंड के निकाय चुनाव के लिए एकल सदस्यीय समर्पित आयोग ने पंद्रह निकायों में ओबीसी सर्वेक्षण की अनुपूरक रिपोर्ट का ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। माना जा रहा है कि आयोग एक-दो दिन में सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंप देगा और इसी रिपोर्ट के आधार पर सरकार द्वारा आगामी निकाय चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। एकल सदस्यीय समर्पित आयोग की रिपोर्ट आने के बाद से उत्तराखंड सरकार ने 18 निकायों में परिसीमन संबंधी अथवा अन्य बदलाव किए हैं ।जिसके तहत तीन निकायों को अपग्रेड किया गया है लिहाजा उक्त निकायों में ओबीसी सर्वेक्षण दोबारा कराने की जरूरत नहीं पड़ी ।चार निकायों का सर्वेक्षण आयोग पहले ही कर चुका था। बाकी 11 निकायों का सर्वेक्षण का काम भीअब पूरा कर लिया गया है । हासिल जानकारी के मुताबिक राजधानी देहरादून में नगर निगम का सर्वे सबसे बाद में किया गया है क्योंकि आयोग को सर्व को लेकर सबसे अधिक आपत्तियां यही से प्राप्त हुई थी। आयोग ने सभी आपत्तियों व सुझावों की सुनवाई करने के बाद इन निकायों की अनुपूरक रिपोर्ट का ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। (शेष पृष्ठ सात पर)

# ज्वैलर्स शोरूम में डकैती कांड का बदमाशों ने किया सीन रिक्रिएशन

हरिद्वार(उद संवाददाता)। हरिद्वार के चर्चित श्रीबालाजी ज्वेलर्स में हुए डकैती कांड में शामिल रहे तीनों बदमाशों को पुलिस ने कोर्ट से तीन दिन के लिए कस्टडी रिमांड पर लिया है। पहले दिन बदमाशों को घटनास्थल से लेकर ठहरने वाले स्थानों पर ले जाकर डकैती का सीन रिक्रिएट कराया। डकैती की वारदात को कैसे अंजाम दिया और कहां-कहां रुके, इसको लेकर बदमाशों ने मौके पर चिह्नीकरण कराया। पुलिस बदमाशों से दो दिन और पूछताछ करेगी। इसके बाद वापस जेल में दाखिल कर देगी। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल के मुताबिक एक सितंबर की दोपहर रानीपुर मोड़ के समीप श्रीबालाजी ज्वेलर्स शोरूम में पांच बदमाशों ने डकैती की घटना को अंजाम दिया था। 11 टीमें बदमाशों की धरपकड़ में जुटी हुई थी। 15 सितंबर की रात डकैती में शामिल रहे बदमाश सतेंद्र पाल उर्फ लक्की निवासी मुक्तसर पंजाब पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया था। 16 सितंबर की दोपहर बहादराबाद क्षेत्र से फरार दो आरोपी गुरदीप सिंह उर्फ मोनी और जयदीप सिंह उर्फ माना निवासी मुक्तसर पंजाब को भी गिरफ्तार कर लिया था। 18 सितंबर की देर शाम चौथे आरोपी अमनदीप सिंह को हरियाणा के यमुनानगर से पकड़ा गया था। तीनों बदमाश रोशनाबाद जेल में बंद थे। आरोपियों की पुलिस कस्टडी रिमांड के लिए पुलिस ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था। बुधवार को आदेश मिलने पर ज्वालापुर इंस्पेक्टर प्रदीप बिष्ट की अगुवाई में तीनों बदमाशों को जेल से लाया गया। दोपहर में तीनों को पुलिस पिरान कलियर लेकर पहुंची। बदमाश यहां कुछ समय रुके थे। शाम को पुलिस ज्वालापुर स्थित शंकर आश्रम में आरोपियों को लेकर पहुंची। सभी बदमाश 29 अगस्त को शंकर आश्रम में ठहरे थे। यहां पड़ताल करने के बाद अंत में पुलिस तीनों आरोपियों को लेकर श्रीबालाजी ज्वेलर्स शोरूम में पहुंची। तीनों बदमाशों ने अधिकारियों को बताया कि किस तरह उन्होंने वारदात को अंजाम दिया था। एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह और इंस्पेक्टर प्रदीप बिष्ट ने मौके पर ही बदमाशों से पूछताछ भी की। एक आरोपी ने शोरूम में जिस जगह से जेवरात उठाए थे उसने वहां खड़े होकर पूरी कहानी बताई। इंस्पेक्टर प्रदीप बिष्ट ने उससे पूछा कि जेवरात कहां-कहां रखे थे। तब उसने बताया कि उसने जेब में भी सोने की चेनें डाली थीं। यहां से फरार होने के बाद गैंग लीडर ने उसकी जेब से वो जेवरात भी निकलवा लिए थे। उसने बताया कि हथौड़े से शीशा तोड़ते समय उसके हाथ में भी चोट लगी। स्वतंत्र कुमार सिंह, एसपी सिटी, हरिद्वार के अनुसार तीनों बदमाशों को पुलिस कस्टडी रिमांड पर तीन दिन के लिए लिया गया है। तीन दिन तक पूछताछ कर साक्ष्य जुटाए जाएंगे। पहले दिन घटनास्थल से लेकर ठहरने वाले स्थानों पर बदमाशों को ले जाकर सीन रिक्रिएशन कराया गया है।



# ससुरालियों ने बिना पोस्टमार्टम के दफनाया विवाहिता का शव

## पुलिस ने कब्र से निकला शव, हत्या की आशंका

देहरादून(उद संवाददाता)। शादीशुदा महिला की मौत के बाद ससुरालियों ने उसे बिना पोस्टमार्टम के दफना दिया। मायका परिवार की ओर से जब हत्या का संदेह जताया तो पुलिस ने जिला मजिस्ट्रेट को पत्र लिखकर शव को कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम की अनुमति मांगी थी। अनुमति मिलने के बाद बसन्त विहार थाना पुलिस ने मृतक महिला का शव कब्र से बाहर निकाल लिया है। उसके पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। इसके बाद पता चल पाएगा कि महिला ने आत्महत्या की या उसकी हत्या की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि 23 सितम्बर को मुमताज किरतपुर बिजनौर ने शिकायत दी कि उनकी पुत्री फरहा का विवाह वर्ष 2011 में बसन्त विहार निवासी सलीम पुत्र जरीफ के साथ हुआ था।18 सितंबर को उनकी पुत्री के ससुराल वालों ने उनकी पुत्री की मृत्यु होने की जानकारी दी। जिस पर वह अपनी पुत्री की ससुराल कांवली गांव देहरादून आये, जहां उन्हें जानकारी मिली कि उनकी पुत्री की मृत्यु जहर खाने से हुई है। घटना के कुछ दिनों बाद उन्हें जानकारी मिली कि उनकी पुत्री के गले व पीठ पर चोट के निशान थे तथा उन्हें अंदेशा है कि उनकी पुत्री के ससुरालियों द्वारा उसकी हत्या की गई है। तहरीर के आधार पर थाना बसन्त विहार में हत्या का मुकदमा दर्ज कर घटना के सम्बन्ध में कार्यवाही व सभी सम्भावित पहलुओं की गहनता से जांच के लिए थानाध्यक्ष बसन्त विहार महादेव उनियाल को दिशा-निर्देश दिये गए। साथ ही घटना में आवश्यक साक्ष्य संकलन के लिए मृतका के शव का पोस्टमार्टम करने के लिए कब्र से बाहर निकलवाने के लिये जिला मजिस्ट्रेट से पत्राचार किया गया। जिस पर अपर जिला मजिस्ट्रेट की ओर से शव के पंचायतनामें व पोस्टमार्टम की कार्यवाही के शव को कब्र से बाहर निकालने की अनुमति प्रदान की गई है।





# राज्य में मुख्यमंत्री निशुल्क तीन गैस सिलिंडर योजना वर्ष 2027 तक बढ़ी

देहरादून। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर राज्य में अंत्योदय राशन कार्डधारकों के लाभार्थियों के लिये वित्त मंत्री ने तोहफा दिया। उनके जन्मदिवस पर वित्त मंत्री ने अंत्योदय राशन कार्डधारकों को दिए जाने वाले मुख्यमंत्री निशुल्क तीन गैस सिलिंडर योजना को वर्ष 2027 तक बढ़ाने पर अपना अनुमोदन प्रदान किया है। वित्त मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री घोषणा के तहत अंत्योदय परिवारों के पुनरूत्थान के लिए मुख्यमंत्री निशुल्क तीन गैस सिलिंडर देने संबंधी योजना को 2022-23 में लागू किया गया था। बताया कि यह योजना इस वर्ष मार्च माह में समाप्त हो गई थी। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस योजना को अति महत्वपूर्ण पाते हुए इसे बढ़ाने का विचार किया है। बताया कि इस योजना को वर्ष 2027 तक बढ़ाने संबंधी प्रस्ताव पर उन्होंने अपना अनुमोदन प्रदान किया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने सदैव अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को उत्थान कैसे हो, इस पर जोर दिया। पंडित दीनदयाल अंत्योदय के प्रेरक थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में समाज के दूर, जो अतिदुर्गम और आर्थिक रूप से कमजोर रहे व्यक्ति के कल्याण के लिए काम किया।

# कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

देहरादून(उद संवाददाता)। कई दिनों से चटख धूप के चलते पड़ रही गर्मी से बुधवार को हुई बारिश ने राहत दी जो आज भी जारी है। वहीं, मौसम विभाग के अनुसार 30 सितंबर तक प्रदेश में विभिन्न जिलों में बारिश की संभावना बनी रहेगी। जबकि आज बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। जबकि देहरादून, हरिद्वार समेत अन्य जिलों में जगह-जगह तीव्र बारिश होने के आसार हैं। देहरादून में कई दिनों से चटक धूप के चलते सितंबर में पिछले कई सालों के तापमान के रिकार्ड टूट गए। लेकिन बुधवार को मौसम ने करवट ली। सुबह से ही आसमान में बादल दिखाई देने लगे। दोपहर करीब एक बजे घनघोर बादल छाने के बाद झमाझम बारिश हुई। करीब दो मिलीमीटर बारिश से मौसम सुहाना हो गया। इससे एक दिन पहले मुकाबले अधिकतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 33.7 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। इससे लोगों ने राहत की सांस ली है।

# वन श्रमिकों के वेतन मामले में मंत्रिमंडलीय उपसमिति गठित

देहरादून। वन महकमे में तैनात सीधे भर्ती हुए दैनिक श्रमिकों के मामले में शासन ने मंत्रिमंडलीय उपसमिति का गठन कर दिया है। वन मंत्री सुबोध उनियाल की अध्यक्षता में गठित उपसमिति में दो कैबिनेट मंत्री शामिल किए गए हैं। वन श्रमिकों के सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों के तहत 18000 रुपये न्यूनतम वेतनमान स्वीकृत करने के संबंध में उपसमिति को विचार करना है। बता दें कि कई श्रमिकों ने अपने वेतन विसंगति और वेतनमान के मसले को लेकर उच्चतम न्यायालय में अवमानना याचिका दायर की है। मंगलवार को न्यायालय ने सरकार से जवाब दाखिल करने को कहा था। इससे पहले अदालत में अपना सरकार का रुख तय करने और श्रमिकों की मांग के समाधान को लेकर प्रदेश मंत्रिमंडल की आपात बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक में ही एक मंत्रिमंडलीय उपसमिति बनाने का निर्णय लिया गया था। उपसमिति में खेल मंत्री रेखा आर्य और पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा को सदस्य बनाया गया है जबकि प्रमुख सचिव वन सदस्य सचिव होंगे। उपसमिति अपनी आवश्यकता के अनुसार विशेषज्ञों और अधिकारियों को आमंत्रित कर सकती है। उपसमिति के सहयोग के लिए सचिव वित्त भी बैठकों में उपस्थिति रहेंगे। उपसमिति को जल्द से जल्द अपनी सिफारिशें प्रदेश मंत्रिमंडल को देने के निर्देश दिए गए हैं।

# एएसपी निहारिका तोमर को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।पुलिस सेवा संस्था के रुद्रपुर जिला अध्यक्ष रामवीर यादव और जिला उपाध्यक्ष अलका अरोड़ा ने रूद्रपुर अपर पुलिस अधीक्षक निहारिका तोमर एवं सीओ सिटी को उनके सराहनीय कार्यों के लिए उनके कार्यालय पहुंचकर सम्मानित किया। साथ ही उन्हें पुलिस सेवा संस्था के उद्देश्य भी बताए। अपर पुलिस अधीक्षक निहारिका तोमर ने संस्था के कार्यों की प्रशंसा की। साथ में सेवा क्रांति वेलफेयर ट्रस्ट के उद्देश्य भी बताए।



# बार कर्मचारी से मारपीट के वायरल वीडियो का पुलिस ने लिया संज्ञान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नानकमत्ता में बार के कर्मचारी के साथ दबंगों द्वारा की गयी मारपीट का वीडियो जारी होने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लेकर तीन नामजद और अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिये हैं। बता दें नानकमत्ता क्षेत्र के एक बार में बीते दिनों दबंगों ने मामूली बात पर बार के कर्मचारी को बुरी तरह पीट दिया था। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मामले में एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर तीन लोगों को चिन्हित कर लिया है। मामले में नामजदों सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।


क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-

विजय आयुर्वेद क्लीनिक पंचकर्म सेन्टर

निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-

पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग

असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।

DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970

DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग

मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)

होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड


# खाद्य तेलों के दामों में भारी उछाल

## दाल,आटा और सब्जियो के दाम में भी बढ़ोत्तरी

देहरादून। बढ़ती महंगाई की मार से आम लोग बेहाल हो रहे है। अब दाल रोटी खाना भी सस्ता नहीं रह गया है। जहां एक ओर आटा और दालों के दामों में उछाल आया है। वहीं खाद्य तेलों की कीमतों में 30 से 40 रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोत्तरी होने से रसोई घर का खर्च बढ़ गया है। इसके साथ ही सर्दियों के सीजन की सब्जियों की आवक शुरू नहीं होने से सब्जी मंडी में भी कीमतें आसमान छू रही हैं। केंद्र सरकार की ओर से करीब 15 दिन पहले क्रूड ऑयल पर कस्टम ड्यूटी को शून्य से बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया गया है। जबकि रिफाइंड ऑयल पर कस्टम ड्यूटी बढ़ाकर 35.7 प्रतिशत कर दी गई है। जिससे खाद्य तेलों के दामों में बढ़ोत्तरी हुई है। रसोई के बजट पर चौतरफा मार पड़ रही है। अब दोगुने खर्च में भी रसोई का बजट हाथ नहीं आ रहा है। ऐसा इसलिए है कि दाल और आटे से लेकर सभी तरह के तेलो में 30 प्रतिशत तक भी वृद्धि हो चुकी है। बाजार में 15 दिन पहले तक सरसों का तेल 130 रुपये प्रति लीटर बिक रहा था। वह अब 157 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है। इसी तरह रिफाइंड के दाम में भी 30 रुपये की बढ़ोत्तरी हुई है। पहले 105 रुपये प्रति लीटर में मिल रहे रिफाइंड के दाम अब 132 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं। वनस्पति घी की बात करें तो तो इसके दाम भी 110 रुपये प्रति किलो से बढ़कर 140 रुपये हो गए हैं। अब दालों की बात करें तो सबसे अधिक अरहर की दाल का इस्तेमाल होता है। यह दाल भी पहले तक 180 रुपये प्रति किलो में बिक रही थी। जिसके दाम अब 200 रुपये तक पहुंच गए हैं। चना दाल भी सौ के पार पहुंच गई है। पहले 95 रुपये तक में मिल रही थी, अब इसके दाम 115 रुपये तक हो गए हैं। हालांकि मलका, मूंग और उड़द की दाल अभी स्थिर बने हुए हैं। आटे के दाम में भी बढ़ोत्तरी हुई है। इसके साथ ही दस किलो आटा पहले 380 रुपये तक में मिल रहा था। जो अब बढ़कर 400 रुपये के पार हो गया है। मंडी में जहां लहसुन के दाम 300 से 400 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गए हैं। वहीं प्याज भी 70 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है। इसके अलावा आलू के दाम 40 रुपये तो गोभी 100 रुपये और शिमला मिर्च 100 रुपये, तुरई 70 रुपये, लौकी 80 रुपये, टमाटर 60 रुपये, खीरा 100 रुपये प्रति किलो बिक रहा है।



# दिवाली से पहले उजाड़े गये व्यापारियों को बसाने की तैयारी

## व्यापारियों के साथ एमएनए ने वेंडिंग जोन के निर्माण कार्यों का लिया जायजा

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। मुख्य नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल ने भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा व व्यापारियों के साथ निर्माणाधीन वेंडिंग जोन के निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान एमएनए श्री दुर्गापाल ने ठेकेदार को समय से उक्त वेंडिग जोन को पूर्ण करने के दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि सरकार उजाड़ गये व्यापारियों को बसाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कई बार इस सदंर्भ में मुख्यमंत्री से अनुरोध किया था। जिसके बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वेंडिंग जोन निर्माण की मांग को अपने घोषणा पत्र में शामिल किया था। जिसके तहत वेंडिंग जोन का निर्माण अब युद्धस्तर पर जारी है। भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने गुरूवार को एमएनए नरेश दुर्गापाल के साथ वेडिंग जोन के निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण कार्यों के सम्बंध में एमएनए से जानकारी ली और दीपावली से पहले निर्माण कार्य पूरा करने को कहा। भाजपा प्रदेश मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी दीवाली से पहले उजाड़े गये व्यापारियों को दुकानों की सौगात देंगे। उन्होंने कहा कि लघु व्यापारियों को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं दुकानों की चाबी सौंपेंगे।जिसस व्यापारियों को बड़ी राहत मिलेगी।इसके लिए भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि वेंडिंग जोन में 200 से अधिक दुकानों का निर्माण कराया जा रहा है, जिसमें रोडवेज के



सामने और समोसा मार्केट से हटाये गये दुकानदारों के अलावा अम्बेडकर पार्क के ठेली व्यवसायियों सहित अन्य ठेली व्यवसायियों को विस्थापित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि वेंडिंग जोन निर्माण रूद्रपुर के लिए बड़ी सौगात है। वेंडिंग जोन के निर्माण से जहां लघु व्यापारियों को राहत मिलेगी वहीं शहरवासियों को जाम से भी निजात मिलेगी। साथ ही आये दिन ठेली व्यवसायियों को उत्पीड़न से भी निजात मिलेगी। सभी व्यापारी अपनी खुद की दुकान पर अपना कारोबार करेंगे। इस अवसर पर व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने कहा कि उजाड़े गये दुकानदारों से दुकान आवंटन का कोई शुल्क न लिया जाये और दीपावली से पूर्व सभी को दुकानें सौंप दी जायें ताकि वह इस वर्ष का दीपावली पर्व वह अपनी दुकान पर मना सकें। इस मौके पर महामंत्री मनोजर छाबड़ा, इन्द्र जीत सिंह, राजीव जोशी, हरजीत राठी, हर्ष रावल, अमरजीत सिंह, हरीश जुनेजा, जगजीत सिंह, बलजीत सिंह, रिंकू, सुशील बाठला, प्रशांत कुमार सहित कई व्यापारी मौजूद थे।

# महिला कल्याण विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान

सितारगंज (उद संवाददाता)।कस्तूरबा गांधी विद्यालय में जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर महिला कल्याण विभाग द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें बाल कल्याण समिति से श्रीमती पुष्पा पानू, पुलिस विभाग से एसआई बबीता, चाइल्ड हेल्पलाइन से कोऑर्डिनेटर चांदनी रावत और केस वर्कर दीपा मेहरा द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया ।जिसमें छात्राओं को बाल अधिकार पोक्सो एक्ट, बाल श्रम, बाल विवाह एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं गुड टच बैड टच की जानकारी दी गई। प्रचार प्रसार के लिए पंपलेट बांटे गए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ सम्मिलित थे एवं बालिकाओं द्वारा बाल श्रम, बाल विवाह, पोस्को से संबंधित प्रोग्राम दिखाया गया।




# सिक्स सिग्मा में मनाया गया विश्व फार्मासिस्ट दिवस

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। सिक्स सिग्मा टेक्नोलॉजी एंड साइंस के कॉलेज ऑफ फार्मेसी में बड़े उत्साह और उल्लास के साथ विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया । विश्व फार्मासिस्ट दिवस के मुख्य अतिथि गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज रुद्रपुर के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ केदार सिंह शाही थे । वक्ताओं ने कहा कि विश्व फार्मासिस्ट दिवस का मुख्य विषय वैश्विक स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करना है, फार्मासिस्ट चिकित्सा पेशेवर औषधि की आपूर्ति करते हैं और मरीजों को उन्हें दवाई के बारे में शिक्षित करते हैं ।इस वर्ष वैश्विक स्वास्थ्य आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु संस्थान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया तथा साथ ही साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जैसे की पोस्टर प्रेजेंटेशन, रंगोली प्रतियोगिता, वर्किंग मॉडल



प्रेजेंटेशन, प्लांट प्रेजेंटेशन, एक्टेंपोर, डिबेट कंपटीशन, क्विज कंपटीशन, टग का वार थे । छात्र- छात्राओं ने बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया। फार्मेसी प्राचार्य डॉ. विजय सिंह ने बताया कि सभी फार्मेसी पेशेवरो को भारत के हर कोने मे स्वास्थ्य सुधार एव स्वास्थ्य सेवा वितरण प्रणाली मे फार्मासिस्टो की भूमिका को बढावा देने एंव समाज मे उनकी पहचान बनाने जैसी गतिविधियो को प्रोत्साहित करना है । इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष राजेश डाबर, उपाध्यक्ष प्रीति ग्रोवर, प्रबंधक निदेशक सी.ए. शिव अरोरा, निर्देशिका डॉ सीमा अरोरा, मैनेजमेंट मेंबर वंश डाबर, फार्मेसी प्राचार्य डॉ. विजय सिंह , कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट, उप- प्रधानाचार्य मुकेश कुमार ने विश्व फार्मासिस्ट दिवस की सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को विश्व फार्मासिस्ट दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन नूपुर श्रीवास्तव के नेतृत्व में हुआ ।

# मुख्य बाजार व मेगा मार्ट से बाईक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात वाहन चोरों ने मुख्य बाजार स्थित एक निजी चिकित्सालय के बाहर से तथा विशाल मेगा मार्ट की पार्किंग से मोटर साईकिलें चोरी कर लीं। घटनाओं की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में प्रीत विहार, वार्ड 25 फाजलपुर महरौला निवासी व्यक्ति ने कहा है कि वह अपनी मोटरसाईकिल संख्या यूके 06एडब्लू 6325 पर सवार होकर 22 अगस्त की रात्रि किसी कार्य हेतु गाँधी पार्क आया था। मोटर साइकिल को लॉक लगाकर जीवनदीप हॉस्पिटल, मेन बाजार, में खड़ा कर गाँधी पार्क की ओर चला गया। जब लौटकर आया,तो उसका वाहन वहाँ पर नहीं था। काफी ढूँढने के बाद भी वाहन कहीं नहीं मिला। वहीं अमन कश्यप पुत्र नरेश निवासी वार्ड 18 दरिया नगर का कहना है कि 7 सितम्बर की दोपहर को उसने अपनी मोटरसाईकिल संख्या यूके 06एवी 5039 को विशाल मेगा मार्ट में स्थित पार्किंग में खड़ा करके कार्य के लिए ऑफिस में चला गया था। सायं काल कार्य समाप्त करके पार्किंग में गया तो देखा उसका वाहन वहां पर मौजूद नही था काफी खोजबीन के बाद भी वाहन नही मिला। पुलिस ने वाहन चोरी के दोनों मामलों की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



# रूद्रपुर के श्रद्धालुओं ने हिमांचल में मां नैना देवी के किये दर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। 33 वी माँ वैष्णो दरबार यात्रा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने प्रात: काल चंडीगढ़ पंचकूला मनसा देवी जी के दर्शन के बाद दुपहर को हिमांचल प्रदेश में माँ नैना देवी जी के दर्शन किये यहाँ पर यात्रा समिति के संयोजक वेद ठुकराल द्वारा ध्वज और चुन्नी चढ़ाई गयी सभी भक्तों द्वारा नाचते गाते ओर भजनों को गा कर माँ के दरबार पहुँचे ओर सबने माँ नैना देवीजी के दर्शन किये । दुर्गा यात्रा समिति के संयोजक वेद ठुकराल ओर प्रवक्ता पवन गाबा पल्ली ने बताया कि इस वर्ष की वैष्णो दरबार यात्रा रुद्रपुर के दुर्गा मंदिर में 2 अक्टूबर को माँ ज्वाला जी की पवित्र ज्योति लेकर वापिस रुद्रपुर पहुचेगी। यात्रियों में महंत राजीव ठक्कर ,किशन मेहता ,पवन गाबा पल्ली ,काका नारंग , मोहित बत्रा , विक्की कक्कड़, किशन सुखीजा ,ठाकुर साहब ,राम राजदेव ,अर्जुन खुराना ,सयम चावला ,अंश कक्कड़, विपिन अरोरा, अमित दुआ,नाजिर सिंह,रजनी बत्रा,साक्षी बत्रा,रीता मेहता , गीता सुखीजा,डाक्टर होरी सिंह, ब्रजपाल सिंह,एकता दुआ ,ओम वीर शर्मा , सहित आदि भक्त शामिल हैं।

# संदिग्ध हालातों में ससुराल में मृत मिला युवक

शक्तिफार्म( उद संवाददाता)। जनपद बरेली थाना बहेड़ी के ग्राम भुड़िया कॉलोनी निवासी युवक का शव टैगोर नगर स्थित उसके ससुराल मे संदिग्ध हालात में बरामद हुआ। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जनपद बरेली थाना बहेड़ी के ग्राम भुड़िया कॉलोनी निवासी गौतम मंडल 35 पुत्र गोपाल मंडल का ससुराल शक्तिफार्म के टैगोर नगर मे है। विगत दिवस गौतम मंडल का शव उसके ससुराल में बनी गौशाला मे मिला।शव गौशाला के अंदर एक तरफ रखे भूसे के उपर था । मृतक के ससुरालियों ने बताया कि मंगलवार दिन के करीब 10 बजे कबाड़ बेचने के लिए गौशाला के अंदर रखा कबाड़ निकालने गया । वहां दामाद का शव पड़ा था।जिसके बाद ससुरालियों



ने मृतक के घर भुड़िया कॉलोनी में सूचना दे दी। सूचना पर मृतक के पिता गोपाल मंडल, बड़ा भाई गौरांग मंडल, मृतक की पत्नी अमेला मंडल सहित रिश्तेदार व कई ग्रामीण टैगोर नगर पहुंचे। मृतक के बड़े भाई गौरांग मंडल ने बताया उसके छोटा भाई गौतम की भुड़िया कॉलोनी बाजार में खाद की दुकान है। सोमवार शाम करीब 7:15 बजे तक गौतम दुकान पर ही था तथा रात को घर नहीं पहुंचा। मंगलवार को सूचना मिली कि उसके भाई का शव शक्तिफार्म के टैगोर नगर में उसके ससुराल में मिला है। सूचना पर एसआई सुरेंद्र बोरा पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। कोतवाल भूपेंद्र सिंह बृजवाल ने भी मौके पर पहुंच कर मामले की जानकारी ली व मृतक के ससुरालियों से पूछताछ की। कोतवाल ने बताया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है,मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले।पीएम रिपोर्ट के बाद मौत के कारण का पता चल पाएगा।



# खो-खो प्रतियोगिता में बालिकाओं ने दिखवाया दम

रूद्रपुर।होली चाइल्ड स्कूल में चल रही चार दिवसीय सी.बी.एस.ई. क्लस्टर –19 खो–खो प्रतियोगिता (बालिका वर्ग) के दूसरे दिन छात्राओं ने अपने खेल का शानदार प्रदर्शन किया। प्रातः काल से ही मैदान में खिलाड़ी अभ्यास करते हुए दिखाई दिए। दूसरे दिन का खेल बड़ा ही रोमांचक रहा। सभी टीमें अपनी पूरी तैयारी व जोश के साथ मैदान में उतरीं। 6 कोर्ट में 22 मैच खेले गए। सी.बी.एस.ई. पर्यवेक्षक सोनू कुमार, तकनीकी प्रतिनिधि मुशीर खान के अवलोकन व होली चाईल्ड स्कूल के एच.ओ.डी. फिजिकल एजूकुशन व आयोजन के सचिव सुधाकर सिंह की उपस्थिति में प्रतियोगिता संचालित की जा रही है। इसके अलावा मुख्य रेफरी आदित्य शर्मा (फिजिकल एजूकेशन शिक्षक, अर्वाचिन भारतीय पब्लिक स्कूल, गाजियाबाद), सहयोगी रेफरी अमित प्रताप सिंह (फिजिकल एजूकेशन शिक्षक, जे.एम.एस. पब्लिक स्कूल, हापुड़), सहयोगी रेफरी विक्रम सिंह (फिजिकल एजूकेशन शिक्षक, ब्लू डायमंड पब्लिक स्कूल, नौएडा) के अलावा 20 रेफरी खेल में अपना सहयोग दे रहे हैं। प्रतियोगिता के दूसरे दिन अण्डर–14 आयु वर्ग में – होली कृष्णा कॉलेज, दिनेशपुर और देव मैमारियल स्कूल, गढ़मुक्तेश्वर एवं लाला राधेश्याम एकेडेमी, मथुरा की टीमें विजयी रहीं। जबकि अण्डर–17 आयु वर्ग में–कृष्ण विद्या निकेतन, मुरादनगर, ग्रीन विंडोज, मुरादनगर की टीमें विजयी रहीं। अण्डर–19 आयु वर्ग में तक्षशिला पब्लिक स्कूल, शाहजहाँपुर, ग्रीन फील्ड एकेडमी, ननौता, सहारनपुर एवं बाबा कडेरा सिंह पब्लिक स्कूल, मथुरा की टीमें विजयी रहीं। विभिन्न विद्यालयों से आए प्रतिभागियों व कोच ने होली चाइल्ड स्कूल द्वारा प्रदत्त समुचित व्यवस्थाओं रहन–सहन, शौचालय, स्नानघर, भोजन, जल, विद्युत इत्यादि की भूरि –भूरि प्रशंसा की। उन्होंने भोजन की स्वादिष्टता एवं स्वच्छता की विशेष रूप से सराहना की। उपस्थित सभी विद्यालयों के कोच ने कहा कि इससे पहले कई क्लस्टर में प्रतिभाग किया लेकिन यहाँ जैसी सुदृढ़ व्यवस्था कहीं भी देखने को नहीं मिली। सभी ने इच्छा व्यक्त की कि प्रतिवर्ष होने वाला सी.बी.एस.ई. क्लस्टर का आयोजन होली चाइल्ड स्कूल में ही होना चाहिए।संस्था के संरक्षक योगराज बत्रा, चेयरमैन रोहिताश बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, एमडी श्रीमति पूजा बत्रा, विनय बत्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दूबे, उप–प्रधानाचार्य (एडमिन) प्रदीप कुमार जोशी एवं उप–प्रधानाचार्य श्रीमति मंजू अधिकारी तथा समस्त शिक्षक वर्ग क्लस्टर ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए शुभकामनाएं दी।



# रामलीला मंचन के लिए विधि विधान से हुआ भूमि पूजन

रुद्रपुर(उद संवादाता)।नगर की प्रमुख प्राचीन रामलीला के आयोजन के लिए भूमि पूजन की परंपरा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुई। श्री राम लीला मंच पर पंडित ओमप्रकाश ने प्रभु श्री राम का किरदार निभाने वाले मनोज अरोड़ा एवं हनुमान जी का किरदार निभाने वाले सुशील गाबा के हाथ में पवित्र कलावा बांधकर वेद मंत्रों और भगवान राम के मंत्रों का जाप किया। पूजा के बाद भूमि की शुद्धि के लिए जल और गंगाजल का छिड़काव कर आरती कर वैदिक विधि विधान से भूमि पूजन की रस्म को पूर्ण किया। श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने बताया कि नगर की इस प्राचीन रामलीला।मंचन हेतु भूमि पूजन एक महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान है, जिसमें भगवान राम की लीला की इस भूमि की शुद्धि और पवित्रता के लिए पूजा का आयोजन किया जाता है, जिसमें भगवान राम, देवी सीता और अन्य देवताओं की पूजा की जाती है। भूमि पूजन से भगवान राम, हनुमान जी एवम समस्त देवी देवताओं की की कृपा प्राप्त होती है, जिससे रामलीला का आयोजन सफल और सुखद होता है। इस दौरान महामंत्री विजय अरोड़ा, कोऑर्डिनेटर नरेश शर्मा, कोषाध्यक्ष अमित गंभीर सीए, राकेश सुखीजा, अमित अरोड़ा बॉबी, विजय विरमानी, आशीष ग्रोवर आशु, गौरव तनेजा, विशाल भुड्डी, रमन अरोड़ा सचिन मुंजाल, प्रेम खुराना, गौरव जग्गा, रघुवीर अरोड़ा, महावीर आजाद, आशीष मिड्ढा, रामकृष्ण कनौजिया, गोला इदरीस, यश अरोरा, शौर्य अरोड़ा, आयुष्मान सुशील गाबा आदि मौजूद थे।





# थानाध्यक्ष ने ली उद्यमियों की बैठक

गदरपुर(उद संवाददाता)। सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष जसवीर चौहान ने उद्योगपतियों और व्यापारियों की बैठक ली। बैठक में उद्यमियों से उनके प्रतिष्ठान पर कार्यरत कर्मचारियों का सत्यापन कराने तथा प्रत्येक प्रतिष्ठान पर सीसीटीवी कैमरे लगाने को कहा। उन्होंने कहा कैमरा को थाना से लिंक किया जाना चाहिए



और कैमरे ऐसे स्थान पर लगाए जहां से आवाजाही स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हो सके। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को प्रतिष्ठान के आस पास देखे जाने की सूचना तुरंत थाना गदरपुर को दी जाए। साथ ही गतिविधियों पर भी ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा आने वाले दिनों में दशहरा दीपावली जैसे बड़े त्यौहार क्षेत्र में मनाए जाएंगे। इसके लिए सुरक्षा की दृष्टि से हर व्यक्ति को जागरूक होने की आवश्यकता है।

# प्रदेश स्तरीय फेंसिंग महिला प्रतियोगिता में नैनीताल की करिश्मा ने जीता गोल्ड मेडल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।दिल्ली पब्लिक स्कूल रुद्रपुर में 5जी उत्तराखंड स्टेट गेम्स 2024 की फेंसिंग महिला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखण्ड ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश नेगी,गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में पूर्व प्रेसिडेंट उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन मुखर्जी निर्वान, , उधम सिंह नगर बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष घनश्याम श्यामपुरिया, उत्तराखंड फेंसिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरजीत सिंह ग्रोवर, गोपाल सिंह खोलिया,हरीश ठुकराल, अमित अग्रवाल और डॉ. भुवन तिवारी ने खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। एपी इवेंट में नैनीताल की करिश्मा ने गोल्ड मेडल जीता, जबकि भावना, जो नैनीताल से ही थीं ने सिल्वर मेडल हासिल किया। देहरादून की अनिका और उधम सिंह नगर की परी शर्मा ने ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा जमाया। फॉइल इवेंट में देहरादून की सानिया बिष्ट ने गोल्ड मेडल जीता, निहारिका सिंह उधम सिंह नगर ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया, और उधम सिंह नगर की सावित्री कुमार और अर्पिता शर्मा ने ब्रॉन्ज मेडल जीते। सैबर इवेंट में उधम सिंह नगर की लावण्या ने गोल्ड मेडल जीता, रकांक्षा राठौर (देहरादून) ने सिल्वर मेडल हासिल किया, जबकि इशिका और साक्षी, दोनों उधम सिंह नगर से, ने ब्रॉन्ज मेडल जीते।



# उभरती डांस प्रतिभाओं को मदद की दरकार

## समाजसेवियों से बच्चों की मदद के लिए आगे आने का आहवान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर की उभरती डांस प्रतिभाओं को आगामी चैंपियनशिप के लिए मदद की दरकार है। समाजसेवी योगेश लाम्बा ने प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए समाजेवियों से आगे आने का आहवान किया है। समाजसेवी योगेश ने बताया कि डांस के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे इन बच्चों के घर की आर्थिक स्थिति दयनीय हैं, परंतु उनके अंदर डांस का एक जुनून है ।पिछले 5 वर्षों से सिर्फ अपने टैलंट के दम पर ये बच्चे आगे बढ़ रहे हैं। इसी टैलंट के बल पे इन बच्चों का सलेक्शन दिल्ली में आयोजित होने वाली डांस चैंपियनशिप के लिए हुआ हैं,परंतु आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण इन बच्चों के पास दिल्ली आने–जाने वहां पर रहने के लिए और प्रवेश शुल्क आदि के लिए कोई इंतजाम नहीं है। योगेश लाम्बा ने क्षेत्र के समाजसेवियों से अपील की है कि अगर सभी लोग थोड़ा बहुत इनकी मदद करें तो ये बच्चे 29 सितंबर को डांस प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। जब ये बच्चे अपने टैलेंट के दम पर आगे बढ़ेंगे तो निश्चित रूप से ये हमारे शहर का नाम रोशन करेंगे। बच्चों की मदद के लिए मोबाइल नंबर 930212533 पर संपर्क कर सकते हैं।



# ब्लॉक स्तरीय शैक्षिक एवं क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 27 सितंबर से

रूद्रपुर।शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित विद्यालय शिक्षा के अंतर्गत प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों की शैक्षिक एवं क्रीड़ा प्रतियोगिता 27 व 28 सितंबर को मौर्य एकेडमी गदरपुर में आयोजित होंगी ।खंड शिक्षा अधिकारी गदरपुर शावेद आलम ने बताया कि सत्र 2024 –25 की शैक्षिक और क्रीड़ा प्रतियोगिता में विकासखंड गदरपुर अंतर्गत आने वाले सीआरसी आनंदखेड़ा, बराखेड़ा और गोविंदपुर से विभिन्न स्पर्धा से चयनित खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे ।ब्लॉक खेल समन्वयक गदरपुर (बेसिक )नूर आलम ने बताया कि प्राथमिक स्तर (अंडर –10) पर 50 ,100 200 और 400 मीटर की दौड़, लंबी कूद, सुलेख, लोकनृत्य, अंताक्षरी, मानचित्र, कबड्डी और खो–खो की बालक वर्ग और बालिका वर्ग की प्रतियोगिताएं होंगी ।जबकि उच्च प्राथमिक स्तर पर (अंडर–14) 100 , 200, 400 , 600 मीटर की दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, चक्का फेंक ,गोला फेंक ,कबड्डी और खो–खो, क्रिकेट, वॉलीबॉल फुटबॉल ,लोकनृत्य ,एकांकी, सुलेख ,मानचित्र आदि की बालक वर्ग और बालिका वर्ग की प्रतियोगिता होगी ।प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी जिला स्तर की विद्यालय क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। खंड शिक्षा अधिकारी शावेद आलम ने बताया है कि प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

# शहीद कमलजीत सिंह के नाम बनी टाइल्स रोड का किया उदघाटन

खटीमा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा के अंतर्गत ग्राम बनगवा में कारगिल शहीद कमलजीत सिंह की समाधि तक बनायी गयी 200 मी. टायल रोड का विधिवत उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी ने शहीद कमलजीत सिंह की माता हरभजन कौर एवं सुखदेव सिंह नामधारी के साथ संयुक्त रूप से किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने विधायक कार्यकाल में कारगिल शहीद स्वर्गीय कमलजीत सिंह की याद में पालीगंज में बन गवा मार्ग मे शहीद स्मारक की स्थापना की थी, इसी क्रम को आगे बढ़ते हुए ब्लाक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी के प्रयासों से कारगिल शहीद कमलजीत सिंह के आवास तक जाने वाले 200 मी टायल रोड का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी ने कहा कि देश के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले कमलजीत सिंह के परिवार के रास्ते का उद्घाटन करते हुए उन्हें आज बड़े गर्व की अनुभूति हो रही है। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीद कमलजीत सिंह के परिवार के निवास स्थान तक मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आदेशों से टाइल रोड का निर्माण किया गया है । इस अवसर पर भाजपा नगर महामंत्री मनोज बाधवा ने कहा कि यह देश हमेशा शहीद कमलजीत सिंह एवं उनके परिवार का ऋणी रहेगा । भारतीय जनता पार्टी हमेशा शहीद परिवार के साथ है, शहीद के आवास तक रोड निर्माण के लिए नगर महामंत्री मनोज बाजवा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं ब्लाक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर सरदार अमरजीत सिंह कंबोज, सतनाम सिंह, सरदार हरभजन सिंह, पूर्व प्रधान गुरदयाल सिंह, विवेक गुप्त, चरण सिंह, बूथ अध्यक्ष परमजीत कौर, उपेंद्र सिंह, गुरदेव सिंह हांडा ,मनजिंदर सिंह हांडा, अमरजीत कौर, बलविंदर कौर, महेंद्र कौर आदि ग्रामीण एवं शहीद कमलजीत सिंह के परिवार के सदस्यों उपस्थित रहे।



उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# लोकतंत्र की ताकत

जम्मू-कश्मीर पर स्वाभाविक रूप से दुनिया की नजर रहती है। पाकिस्तान इस इलाके को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी दावेदारी के बारे में गलतबयानी करता रहता है, वहां आतंकवाद फैलाने में जुटा हुआ है। हालांकि, ऐसी गतिविधियों में अपना कोई हाथ होने से भी वह लगातार इनकार करता रहा है, लेकिन उसकी कारगुजारियां जगजाहिर हैं। दूसरी ओर, भारत सरकार ने वहां आतंकवाद पर काफी हद तक काबू पा लिया है और अब जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव में लोग काफी उत्साह से मतदान कर रहे हैं। दूसरे चरण के मतदान के दौरान घाटी में विभिन्न देशों के वरिष्ठ राजनयिकों का दौरा हुआ है। उन लोगों ने विभिन्न मतदान केंद्रों पर लोगों से बात की। कूटनीति के लिहाज से यह कवायद सार्थक लगती है। मतदान के दौरान विदेश मंत्रालय ने दिल्ली स्थित दूतावासों में कार्यरत राजनयिकों के लिए घाटी की यात्रा आयोजित की। इसके पीछे तर्क दिया गया कि इससे विभिन्न देशों तक जम्मू-कश्मीर के हालात की असल जानकारी पहुंच सकेगी। पहले चरण में मतदाताओं का काफी उत्साह दिखा। दूसरे चरण में भी मतदान के आंकड़े उत्साहजनक रहे। हालांकि, राजनयिकों की इस यात्रा पर विपक्षी दलों ने एतराज जताया है। नैशनल कांफ्रेंस के उमर अब्दुल्ला ने तल्ख लहजे में कहा कि हमें इन राजनयिकों के प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं है। केंद्र सरकार विदेशी पत्रकारों को घाटी में आने की इजाजत नहीं देती, तो राजनयिकों को यहां लाकर आखिर क्या साबित करना चाहती है। दरअसल, अनुच्छेद 370 हटने और केंद्र शासित राज्य बनने के बाद घाटी में पैदा हुए हालात को लेकर दो विपरीत धारणाएं फैलाई जाती रही हैं। केंद्र सरकार का दावा है कि विशेष राज्य का दर्जा खत्म होने के बाद घाटी में स्थिति बेहतर हुई है, जबकि विपक्षी दल लगातार आरोप लगाते रहे हैं कि वहां हालात ठीक नहीं हैं। आतंकी घटनाओं और सुरक्षा बलों पर हमले बढ़ने को लेकर भी सवाल उठाए जाते रहे हैं। इन सबके बावजूद विधानसभा चुनाव में लोग बढ़-चढ़ कर मतदान करते देखे जा रहे हैं। पहले चरण में साठ फीसद से अधिक मतदान हुआ। दूसरे चरण में भी खूब उत्साह देखा जा रहा है। ऐसे में, केंद्र सरकार खुलकर कह सकती है कि विशेष राज्य का दर्जा हटाने का उसका फैसला गलत नहीं था और लोग उससे खुश हैं। अनुच्छेद 370 हटने के बाद, करीब चार वर्ष पहले भी यूरोपीय संसद के सदस्यों को घाटी में ले जाया गया था। तब भी सवाल उठाए गए थे। तब सरकार ने कहा था कि वह यात्रा एक स्वयंसेवी संगठन ने आयोजित की थी। पिछले महीने भी अमेरिका और जर्मनी के राजनयिकों को जम्मू-कश्मीर की यात्रा कराई गई थी। दरअसल, जम्मू-कश्मीर को लेकर भारत-पाकिस्तान के बीच विवाद पर जब भी किसी देश ने मध्यस्थता की बात उठाई, भारत सरकार ने हमेशा उसे ठुकराया है। भारत सरकार का रुख रहा है कि जम्मू-कश्मीर हमारा आंतरिक मामला है। इस नीति के हवाले से राजनयिकों के दौरे पर सवाल उठ रहे हैं। आलोचकों का कहना है कि कहीं कश्मीर को लेकर फिर मध्यस्थता के लिए दबाव का सामना न करना पड़े। हालांकि, सरकार आश्वस्त है कि ऐसी नौबत नहीं आएगी और कूटनीतिक मंचों पर पाकिस्तान के तर्कों हमेशा की तरह कमजोर किया जा सकेगा। बहरहाल, समूची कवायद में यह स्वागत योग्य है कि वहां लोकतंत्र की ताकत दिखी और इससे विदेशी राजनयिक भी रूबरू हुए।

# 60 वर्ष के पात्र लाभार्थियों को मिलेगी वृद्धावस्था पेंशन

देहरादून। राज्य स्थापना दिवस से 60 साल की उम्र पूरी करते ही पात्र लाभार्थियों को आसानी से पेंशन मिलनी शुरू हो जाएगी। इसकी प्रक्रिया छह माह पहले ही पूरी कर दी जाएगी। समाज कल्याण विभाग की ओर से पात्र लाभार्थियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। निदेशक समाज कल्याण प्रकाश चंद्र ने इस संबंध में निर्देश जारी कर दिया है। निदेशक ने सभी जिला समाज कल्याण अधिकारियों को दिए निर्देश में कहा कि विकासखंड एवं नगर क्षेत्र में निवास कर रहे ऐसे व्यक्ति जो विभाग की ओर से वृद्धावस्था पेंशन की पात्रता की श्रेणी में आते हैं और 59 वर्ष छह माह की आयु पूरी कर चुके हैं, उनका डाटा अनिवार्य रूप से 15 अक्तूबर 2024 तक उपलब्ध करा दें। इस कार्य में सहयोग के लिए निदेशालय पंचायतीराज को अनुरोध पत्र भेजा जा चुका है। सभी समाज कल्याण अधिकारियों को निदेशक शहरी विकास, नगर क्षेत्र में मुख्य नगर आयुक्त, नगर आयुक्त, अधिशासी अधिकारी से समन्वय करते हर दिन निदेशालय को सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। 60 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद पात्र लोगों को पेंशन के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। वो इसलिए क्योंकि ऐसे लोगों की पात्रता के बारे में विभाग छह माह पहले ही अपनी प्रक्रिया पूरी कर लेगा। ऐसे में उम्र पूरी होते ही कुछ औपचारिकताओं के बाद आसानी से पेंशन मिलने लगेगी।

# बाल अश्लीलता पर पॉक्सो कानून का चाबुक

## सोशल मीडिया पर बच्चों के यौन शोषण से जुड़े अश्लील वीडियो और कंटेंट डाउनलोड करना, देखना, रखने या उसे किसी को भेजना अपराध




सर्वोच्च न्यायालय ने एक ऐतिहासिक फैसले में कहा है कि बच्चों के यौन शोषण से जुड़े अश्लील वीडियो और कंटेंट डाउनलोड करने, देखने, रखने या उसे किसी को भेजने पर बाल यौन अपराध (पॉक्सो) कानून और आईटी एक्ट के तहत अपराध माना जाएगा। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ ने कहा, अगर किसी को ऐसी सम्रगी अनजाने में भी मिली है और वह इसे डिलीट नहीं करता है तो भी पॉक्सो एक्ट की धारा-15 के तहत अपराध होगा। भले ही उस व्यक्ति ने वीडियो किसी को फॉरवर्ड नहीं किया हो। इसके साथ ही चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने उच्च न्यायालय मद्रास का वह आदेश रद्द कर दिया, जिसमें कहा गया था कि बाल पोर्न देखना और डाउनलोड करना पॉक्सो तथा आईटी कानून में अपराध नहीं है। इस न्यायालय ने एक युवक के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले को यह कहकर निरस्त कर दिया था कि उसने बाल पोर्न डाउनलोड तो किया लेकिन किसी को भेजा नहीं था। इसके साथ ही शीर्ष न्यायालय ने देशव्यापी यौन शिक्षा कार्यक्रम चालू करने की नसीहत भी भारत सरकार को दी है। न्यायालय ने पोर्न देखने और रखने को अपराध जरूर माना है, लेकिन इससे बाल पोर्न पर अंकुश लग जाएगा, यह कहना मुश्किल है। क्योंकि पोर्न का कारोबार विश्वव्यापी है और इसके सूत्रधार अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों में बैठे हुए हैं। अंतर्जाल की आभासी व मायावी दुनिया से अश्लील सामग्री पर रोक की मांग सबसे पहले इंदौर के जिम्मेबार नागरिक कमलेश वासवानी ने सर्वोच्च न्यायालय से की थी। याचिका में दलील दी गई थी कि इंटरनेट पर अवतरित होने वाली अश्लील वेबसाइटों पर इसलिए प्रतिबंध लगना चाहिए, क्योंकि ये साइटें स्त्रियों एवं बालकों के साथ यौन दुराचार का कारण तो बन ही रही हैं,सामाजिक कुरूपता बढ़ाने और निकटतम रिश्तों को तार-तार करने की वजह भी बन रही हैं। इंटरनेट पर अश्लील सामग्री को नियंत्रित करने का कोई कानूनी प्रावधान नहीं होने के कारण जहां इनकी संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, वहीं दर्शक संख्या भी बेतहाशा बढ़ रही है। ऐसे में समाज के प्रति उत्तरदायी सरकार का कर्तव्य बनता है कि वह अश्लील प्रौद्योगिकी पर नियंत्रण की ठोस पहल करें। हालांकि अब इस अपराध पर नियंत्रण के लिए पॉक्सो एक्ट और आईटी कानून में प्रावधान कर दिए गए हैं। न्यायालय ने इनमें कठोरता के नए प्रावधान भी कर दिए हैं। वस्तुस्थिति यह है कि इंटरनेट पर अश्लीलता का तिलिस्म भरा पड़ा है। वह भी दृश्य, श्रव्य और मुद्रित तीनों माध्यमों में। ये साइटें नियंत्रित या बंद इसलिए नहीं होती, क्योंकि सर्वरों के नियंत्रण कक्ष विदेशों में स्थित हैं। ऐसा माना जाता है कि इस मायावी दुनिया में करीब 20 करोड़ अश्लील वीडियो एवं क्लीपिंग चलायमान हैं, जो एक क्लिक पर कंप्युटर, लैपटॉप, मोबाइल, फेसबुक, ट्यूटर, यूट्यूब और वाट्सअप की स्क्रीन पर उभर आती हैं। लेकिन यहां सवाल उठता है कि इंटरनेट पर अश्लीलता की उपलब्धता के यही हालात चीन में भी थे। परंतु चीन ने जब इस यौन हमले से समाज में कुरूपता बढ़ती देखी तो उसके वेब तकनीक से जुड़े अभियतांओं ने एक झटके में सभी वेबसाइटों को प्रतिबंधित कर दिया। गौरतलब है, जो सर्वर चीन में अश्लीलता परोसते थे, उनके ठिकाने भी चीन से जुदा धरती और आकाश में थे। तब फिर यह बहाना समझ से परे है कि हमारे आईटी विशेषज्ञ इन साइटों को बंद करने में क्यों अक्षम साबित हो रहे हैं ? चीन यही नहीं रुका, उसने अब गूगल की तरह अपने सर्च-इंजन बना लिए हैं। जिन पर अश्लील सामग्री अपलोड करना पूरी तरह प्रतिबंधित है। इस तथ्य से दो आशंकाएं प्रगट होती हैं कि बहुराष्ट्रीय कंपनियों के दबाब में एक तो हम भारतीय बाजार से इस आभासी दुनिया के कारोबार को हटाना नहीं चाहते, दूसरे इसे इसलिए भी नहीं हटाना चाहते क्योंकि यह कामवर्द्धक दवाओं व उपकरणों और गर्भ निरोधकों की बिक्री बढ़ाने में भी सहायक हो रहा है। जो विदेशी मुद्रा कमाने का जरिया बना हुआ है। कई सालों से हम विदेशी मुद्रा के लिए इतने भूखे नजर आ रहे हैं कि अपने देश के युवाओं के नैतिक पतन और बच्चियों व स्त्रियों के साथ किए जा रहे दुष्कर्म और हत्या की भी परवाह नहीं कर रहे ? अमेरिका, ब्रिटेन, जापान और चीन से विदेशी पूंजी निवेश का आग्रह करते समय क्या हम यह शर्त नहीं रख सकते कि हमें अश्लील वेबसाइटें बंद करने की तकनीक और गूगल की तरह अपना सर्च-इंजन बनाने की तकनीक दें ? लेकिन दिक्कत व विरोधाभास यह है कि अमेरिका, ब्रिटेन, कोरिया और जापान इस अश्लील सामग्री के सबसे बड़े निर्माता और निर्यातक देश हैं। लिहाजा वे आसानी से यह तकनीक हमें देने वाले नहीं हैं। गोया, यह तकनीक हमें ही अपने देशज स्रोतों से विकसित करनी होगी। ब्रिटेन में सोहो एक ऐसा स्थान हैं, जिसका विकास ही पोर्न वीडियो फिल्मों एवं पोर्न क्लीपिंग के निर्माण के लिए हुआ है। यहां बनने वाली अश्लील फिल्मों के निर्माण में ऐसी बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपने धन का निवेश करती हैं, जो कामोत्तेजक सामग्री, दवाओं व उपकरणों का निर्माण करती हैं। वियाग्रा, वायब्रेटर, कौमार्य झिल्ली, कंडोम, और सैक्सी डॉल के अलावा कामोद्दीपक तेल बनाने वाली ये कंपनियां इन फिल्मों के निर्माण में बढ़ा पूंजी निवेश करके मानसिकता को विकृत कर देने वाले कारोबार को बढ़ावा दे रही हैं। प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा की कंपनी भी ब्रिटेन को पोर्न फिल्में बेचती थी। यह शहर 'सैक्स उद्योग' के नाम से ही विकसित हुआ है। बाजार को बढ़ावा देने के ऐसे ही उपायों के चलते ग्रीस और स्वीडन जैसे देशों में क्रमश: 89 और 53 फीसदी किशोर निरोध का उपयोग कर रहे हैं। यही वजह है कि बच्चे नाबालिग उम्र में काम-मनोविज्ञान की दृष्टि से परिपक्व हो रहे हैं। 11 साल की बच्ची रजस्वला होने लगी है और 13-14 साल के किशोर कामोत्तेजना महसूस करने लगे हैं। इस काम-विज्ञान की जिज्ञासा पूर्ति के लिए अब वे फुटपाथी सस्ते साहित्य पर नहीं, इंटरनेट की इन्हीं साइटों पर निर्भर हो गए हैं, उनकी मुट्ठियों में मोबाइल थमाकर हम गर्व का अनुभव कर रहे हैं। बच्चों के यौन शोषण और उससे संबंधित सामग्री को सोशल मीडिया पर परोसने और प्रसारित करने के मामले में 83 लोगों के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो ने चार साल पहले बड़ी कार्यवाही की थी। देश के 14 राज्यों के 76 ठिकानों पर सघन तलाशी का अभियान चलाया था। तलाशी की इस मुहिम से पता चला था कि लगभग पूरे देश में अश्लीलता का यह जंजाल नशे के कारोबार की तरह फैल गया है। यही नहीं अनेक महाद्वीपों में फैले सौ देशों के नागरिक इस गोरखधंधे में शामिल हैं। शहर तो शहर मध्य-प्रदेश के डबरा तहसील के ग्राम अकबई में भी बाल यौन शोषण से जुड़ी अश्लील फिल्में बनाने का कारोबार मिला था। यह अत्यंत चिंता का विषय है। 31 सदस्यों का एक वाट्सएप समूह इस कारोबार का संचालन करता था। पोर्न फिल्में बनाने और उन्हें अनेक सोशल साइट व एप्स पर अपलोड करने के मामले में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा को भी मुंबई पुलिस ने हिरासत में लिया था। वे अश्लील फिल्में बनाने, बेचने और इससे धन कमाने के धंधे में शामिल थे। तीन महिलाओं ने उनके विरुद्ध शिकायत की थी। किराए के बंगले में राज कुंद्रा की कंपनी और उनके सहयोगी फिल्में बनाते थे। कुंद्रा की कंपनी आर्म्स प्राइवेट लिमिटेड ने हॉटशाट्स एप बनाया और इसे ब्रिटेन में एक रिश्तेदार के नाम से रजिस्टर्ड कंपनी केनरिन को बेच दिया था। कुंद्रा के साथ काम करने वाली कुछ लड़कियां अंतरराष्ट्रीय पोर्नोग्राफी गिरोह के शिंकजे में भी पाई गई थीं। इस मामले में कुंद्रा को पोर्न फिल्म रैकेट का मुख्य साजिशकर्ता माना था। इस मामले से पता चलता है कि फिल्म, टीवी, सोशल मीडिया और आईटी कंपनियों की अनेक हस्तियां इस नीले कारोबार से जुड़ी हैं। दिल्ली में घटी एक घटना में 27 किशोर दोस्त सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम पर एक समूह बनाकर अपने साथ पढ़ने वाली छात्राओं के साथ सामूहिक बलात्कार की षड्यंत्रकारी योजना बना रहे थे। ये सभी दक्षिण दिल्ली के महंगे विद्यालयों में पढ़ते थे। और 11वीं व 12वीं के छात्र होने के साथ अति धनाढय परिवारों से थे। साफ है, स्मार्ट मोबाइल में इंटरनेट और सोशल साइटें बच्चों का चरित्र खराब करने का बड़ा माध्यम बन रही हैं और इस कारोबार में सेलिब्रिटीज शामिल हैं।

**प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार**

# 'कूड़ा' मत भरो दिमाग में

एक दिन एक व्यक्ति ऑटो से रेलवे स्टेशन जा रहा था। ऑटो वाला बड़े आराम से ऑटो चला रहा था। एक कार अचानक पार्किंग से निकलकर रोड पर आ गयी। ऑटो चालक ने तेजी से ब्रेक लगाई और कार, ऑटो से टकराते- टकराते बची। कार चालक गुस्से में ऑटो वाले को ही भला-बुरा कहने लगा, जबकि गलती कार चालक की ही थी। ऑटो चालक एक सत्संगी (सकारात्मक विचार सुनने-सुनाने वाला) था। उसने कार वाले की बातों पर गुस्सा नहीं किया और क्षमा मांगते हुए आगे बढ़ गया। ऑटो में बैठे व्यक्ति को कार वाले की हरकत पर गुस्सा आ रहा था और उसने ऑटो वाले से पूछा, " तुमने उस कार वाले को बिना कुछ कहे ऐसे ही क्यों जाने दिया। उसने तुम्हें भला-बुरा कहा जबकि गलती तो उसकी ही थी। हमारी किस्मत अच्छी है, नहीं तो उसकी वजह से हम अभी अस्पताल में होते।'' ऑटो वाले ने कहा, " साहब बहुत से लोग ' गार्बेज ट्रक ' ( कूड़े का ट्रक ) की तरह होते हैं। वे बहुत सारा कूड़ा अपने दिमाग में भरे हुए चलते हैं। जिन चीजों की जीवन में कोई जरूरत नहीं होती , उनको मेहनत करके जोड़ते रहते हैं, जैसे क्रोध, घृणा, चिंता, निराशा आदि। जब उनके दिमाग में इनका कूड़ा बहुत अधिक हो जाता है तो वे अपना बोझ हल्का करने के लिए इसे दूसरों पर फैंकने का मौका ढूँढने लगते हैं। इसलिए में ऐसे लोगों से दूरी बनाये रखता हूं और उन्हें दूर से ही मुस्कुराकर अलविदा कह देता हूं। अगर उन जैसे लोगों द्वारा गिराया हुआ कूड़ा मैंने स्वीकार कर लिया तो मैं भी एक कूड़े का ट्रक बन जाऊंगा और अपने साथ- साथ आसपास के लोगों पर भी वह कूड़ा गिराता रहूँगा। "" मैं सोचता हूं कि जिन्दगी बहुत खूबसूरत है, इसलिए जो हमसे अच्छा व्यवहार करते हैं उन्हें धन्यवाद कहो और जो हमसे अच्छा व्यवहार नहीं करते उन्हें मुस्कुराकर माफ कर दो। हमें यह याद रखना चाहिए कि सभी मानसिक रोगी केवल अस्पताल में ही नहीं रहते, कुछ हमारे आस-पास खुले में भी घूमते रहते हैं। '' प्रकृति के नियम : यदि खेत में बीज न डाले जाएं तो कुदरत उसे घास-फूस से भर देती है। इसी तरह से यदि दिमाग में सकारात्मक विचार न भरें जाएं तो नकारात्मक विचार न अपनी जगह बना ही लेते हैं। दूसरा नियम है कि जिसके पास जो होता है वह वही बांटता है। ' सुखी ' सुख बांटता है ,और ' दुखी ' दु:ख बांटता है, ' ज्ञानी ' ज्ञान बांटता है, भ्रमित भ्रम बांटता है, और ' भयभीत ' भय बांटता है। जो खुद डरा हुआ है वह औरों को डराता है, दबा हुआ दबाता है, चमका हुआ चमकाता है।

**प्रस्तुति- नरेश कुमार सेठ**

# उत्तराखंड की एक लाख महिलाएं बनीं लखपति दीदी

देहरादून। उद्यमिता के क्षेत्र में हाथ बढ़ाने से प्रदेश में एक लाख से ज्यादा महिलाएं लखपति दीदी बन गईं। महिलाओं ने कृषि उत्पादों, दुग्ध उत्पादन, सिलाई कढ़ाई के साथ ही रसोई गैर वितरण, प्रारंभिक पशु चिकित्सा सेवा, बीमा योजना, डिजिटल लेनदेन को आजीविका से जोड़ा है। प्रदेश सरकार ने 2026 तक 2.50 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रदेश में पहली बार लखपति दीदी का आंकड़ा एक लाख पार हो गया है। ग्राम्य विकास विभाग के माध्यम से महिलाओं को उद्यमिता के लिए क्षमता विकास का प्रशिक्षण देने के साथ ही उत्पादों की मार्केटिंग, पैकेजिंग, ब्रांडिंग में सहायता दी जा रही है। लखपति बनने के लिए महिलाओं ने स्थानीय मोटे अनाजों, फलों का मूल्य संवर्द्धन कर विभिन्न उत्पाद बनाए हैं। इसके लिए कई महिलाओं ने दुग्ध उत्पादन को आजीविका के रूप में अपनाया। इसके साथ ही गांवों में रसोई गैस वितरण, पशु चिकित्सा के लिए प्रारंभिक सेवाएं, बीमा योजना, डिजिटल लेनदेन का काम भी महिलाओं ने संभाला है। इस कार्य से उन्हें कमीशन के रूप में आय प्राप्त हो रही है। राधिका झा, सचिव, ग्राम्य विकास विभाग ने बताया कि प्रदेश में एक लाख से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बन गई है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। इस योजना से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं उद्यमिता के क्षेत्र में आगे आकर आर्थिक रूप से सशक्त हो रहीं है। महिलाओं को अपना कारोबार शुरू करने के लिए हरसंभव सहयोग दिया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में महिलाएं डीजी पे सखी के रूप में 1512 गांवों में डिजिटल लेनदेन की सेवाएं दे रही हैं। इन महिलाओं ने 196.50 करोड़ का लेनदेन किया। इससे उन्हें 5.89 लाख का कमीशन मिला। इसके अलावा 176 महिलाएं पशु सखी के रूप में पशुओं को प्राथमिक उपचार और बीमा कराने की सेवाएं दे रही हैं। साथ ही 109 स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एचपी सखी के रूप में रसोई गैस वितरण का कार्य कर रही है। इससे उन्हें प्रति माह पांच से छह हजार की अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही हैं।

# पंडित दीन दयाल उपाध्याय को किया नमन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एकात्म मानववाद के प्रणेता एवं अन्त्योदय की विचारधारा को पोषित करने वाले जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती 'अंत्योदय दिवस' पर नगर निगम के निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह एवं किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान के साथ पार्षदों एवं भाजपा पदाधिकारीयों के साथ गांधी पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के महान कार्य कभी भुलाये नहीं जा सकते। अंत्योदय और एकात्म मानवतावाद के माध्यम से उन्होंने हर व्यक्ति को देश की प्रगति में सहभागी बनाने का रास्ता दिखाया। उनका पूरा जीवन समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान और एक बेहतर भारत के निर्माण



के लिए समर्पित रहा। पं. दीनदयाल उपाध्याय ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने देश और दुनिया में प्रसिद्ध अंत्योदय की बात की थी। किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान ने कहा कि पंडित दीनदयाल जी के जनकल्याण के मार्ग पर चलकर ही आज केन्द्र की मोदी सरकार वंचितों को मुख्य धारा से जोड़ रही है। पंडित दीनदयाल जी का सम्पूर्ण जीवन समाज के हर वर्ग की उन्नति के लिए समर्पित रहा। उनका एकात्म मानव दर्शन और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े गरीबों, वंचितों व शोषितों की सेवा के लिए समर्पण हम सभी के लिए सदैव अनुकरणीय है।इस अवसर पर जिला कार्यालय प्रभारी गजेंद्र प्रजापति, पार्षद निमित शर्मा, सुशील चौहान, बबलू सागर,भुवन गुप्ता, राधेश शर्मा डॉ राकेश सिंह, प्रमोद शर्मा, नारायण जोशी, गौरव शर्मा, राधेश्याम, हिमांशु कनौजिया हरीश चौधरी सहित तमाम लोग मौजूद रहे ।

# सिसैया गांव में 1.70 लाख नशे के इंजेक्शन और टेबलेट की खेप बरामद

## नारकोटिस टीम ने मेडिकल स्टोर और गोदाम पर की छापेमारी

सितारगंज(उद संवाददाता)। नारकोटिक्स विभाग की टीम ने सिसैया गांव में मेडिकल स्टोर और गोदाम पर छापेमारी कर 1.70 लाख नशे की टेबलेट इंजेक्शन बरामद किए हैं। मामले में दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। एएनटीएफ टीम प्रभारी राजेश पांडे ने बुधवार की दोपहर किच्छा रोड के सिसैया गांव में मुखबिर की सूचना पर राजेश मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान ड्रग इंस्पेक्टर नीरज कुमार और स्थानीय उप निरीक्षक सुरेंद्र बिष्ट मौजूद रहे। टीम के सदस्यों ने मेडिकल स्टोर के स्वामी राजेश कुमार पुत्र महेंद्र पाल और हरपाल सिंह पुत्र महेंद्र पाल निवासी मकबारा को हिरासत में ले लिया। इस दौरान तलाशी में मेडिकल स्टोर और



सामने बने गोदाम से नारकोटिक्स विभाग की टीम को प्रतिबंधित नशे की एलपिला जोलम, डाईजीपाम, ट्रामाडोल आदि प्रतिबंधित नशे की दवाइयां की खेप बरामद हुई। समस्त प्रतिबंधित दवाइयां में टेबलेट, इंजेक्शन की संख्या करीब एक लाख 70 हजार से अधिक निकली। जिन्हें टीम ने कब्जे में ले लिया है। मेडिकल स्टोर स्वामी राजेश कुमार गोदाम का लाइसेंस भी टीम को नहीं दिखा सका है। पूछताछ में राजेश कुमार और हरपाल ने नारकोटिक्स विभाग की टीम को बताया की नशीली दवाइयां उसने बहेड़ी बरेली से खरीदी हैं। नारकोटिक्स टीम के प्रभारी उपनिरीक्षक राजेश पांडे की तहरीर पर कोतवाल भूपेंद्र सिंह बृजवाल ने राजेश कुमार, हरपाल सिंह के खिलाफ औषधि पदार्थ अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

# रक्तदान शिविर में युवाओं ने दिखाया भारी उत्साह

रूद्रपुर। शहीद ऊधमसिंह मैमोरियल ब्लड बैंक द्वारा आज सिटी क्लब में मानवाधिकार सुरक्षा एवं अपराध निरोधकसंगठनजिला इकाई के सौजन्य तथा भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) व श्री गुरू श्री रामदास जी सेवा ट्रस्ट के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में युवाओं ने उत्साह दिखाते हुए रक्तदान किया। इस दौरान निरवैर सिंह खालसा, प्रदीप मारकुश, अमरजीत सिंह फतेह, अलका अरोरा, बाबू विश्वकर्मा, राजेश पुंशी, राजेश पाल, निर्मलजीत सिंह, हरविन्दर सिंह चुघ, ममता जीना, डा. शरीक मलिक, प्रसाद सक्सेना, तलविन्दर कौर आदि मौजूद थे।



# महिला ने पूर्व विधायक को बताया अपना पति, वीडियो वायरल

हरिद्वार। हरिद्वार के ज्वालापुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक रह चुके सुरेश राठौर ने सहारनपुर की महिला उर्मिला सनावर पर ब्लैकमेल कर 25 लाख रुपये मांगने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पूर्व विधायक का कहना है कि महिला रकम नहीं देने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रही है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पूर्व विधायक और महिला के कई वीडियो वायरल हो चुके हैं और सोमवार को महिला ने वीडियो जारी कर खुद को पूर्व विधायक की पत्नी बताते हुए घर से निकालने का आरोप लगाया था। पुलिस के अनुसार, पूर्व विधायक सुरेश राठौर ने शिकायत में बताया कि वह भाजपा से एक बार विधायक, अनुसूचित जाति मोर्चा के तीन बार प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय महामंत्री के अलावा अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के दो बार उपाध्यक्ष रह चुके हैं। उनके पास अनाथ बच्चों व वृद्धों के साथ ही तमाम लोग आते रहते हैं। इसी तरह एक व्यक्ति के साथ अभिनेत्री उर्मिला सनावर निवासी गोविंद नगर सहारनपुर करीब दो साल पहले उनके कैंप कार्यालय बहादराबाद आई थी। बताया था कि उसका पति उसे प्रताड़ित कर रहा है। उनका तलाक का मुकदमा भी चल रहा था। उन्होंने महिला की हर संभव मदद की थी। अब पता चला कि उर्मिला उनके फर्जी हस्ताक्षर कर प्रयोग कर रही है। लगातार फोन कर 25 लाख की मांग कर रही है। पैसे न देने पर फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रही है। आरोप है कि प्रतिष्ठा बचाने को सात लाख रुपये ऑनलाइन और नौ लाख नकद दे दिए, फिर भी सोशल मीडिया पर उनकी राजनीतिक व सामाजिक छवि खराब कर रही है। आरोप लगाया, फोन पर पैसे मांग रही है और अंजाम भुगतने की धमकी दी जा रही है। कोतवाली प्रभारी प्रदीप बिष्ट ने बताया, मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। उर्मिला सनावर ने मई में एक वीडियो सोशल मीडिया अकाउंट पर अपलोड किया था, जिसमें पूर्व विधायक उनके बाल संवारते दिख रहे थे। वीडियो को उन्होंने फिल्म की शूटिंग का हिस्सा बताया था। अब हाल ही में उर्मिला ने फिर से ई-रिक्शा में बैठकर वीडियो बनाया, जिसे उन्होंने एक्स पर शेयर किया। वीडियो में उर्मिला ने आरोप लगाया कि सुरेश राठौर ने शादी करने के बाद भी उन्हें घर से निकाल दिया।

# आधार केन्द्र संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग

किच्छा(उद संवाददाता)। बीएसएनएल कार्यालय में स्थित आधार केंद्र के संचालक के खिलाफ मिली शिकायत पर उप जिलाधिकारी द्वारा केंद्र में छापे के बाद केंद्र संचालक द्वारा पूर्व विधायक राजेश शुक्ला का नाम लेकर शिकायतकर्ता को धमकाने के प्रकरण को लेकर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने गुरूवार को उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर केंद्र को बंद कराने की मांग की। उल्लेखनीय है कि बीएसएनल ऑफिस में चल रहे आधार केंद्र में अनियमितताओं को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थी जिसकी शिकायत जिलाधिकारी से भी की गयी थी। जिस पर केन्द्र संचालक द्वारा पूर्व विधायक का नाम लेकर शिकायतकर्ताओं को धमकियां दी गई थी। मामले को लेकर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने उप जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में कहा है कि उनके उनके संज्ञान



में आया है कि आधार कार्ड बना रहे केंद्र संचालक द्वारा 500 रूपये लेकर कार्ड बनाए जा रहे हैं तथा उनके नाम का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए केंद्र को बंद किया जाए। ज्ञापन में यह भी कहा कि केंद्र संचालक को वह नहीं पहचानते हैं उनकी छवि धूमिल करने के लिए यह षड्यंत्र रचा जा रहा है। कहा कि संपूर्ण प्रकरण की पूर्ण रूप से जांच कराई जाए तथा उनके नाम का इस्तेमाल करने वाले व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया जाए। उप जिला अधिकारी कौस्तुभ मिश्रा ने कहा है कि संपूर्ण प्रकरण की जांच की जा रही है। अनियमितताएं पाए जाने पर केंद्र को बंद कर दिया जाएगा तथा आम नागरिकों की सुविधा के लिए आधार केंद्र की दूसरी व्यवस्था की जाएगी। उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मराज जायसवाल, कुंदन लाल खुराना, नितिन फुटेला ,विजय अरोड़ा, मूलचंद राठौर, कुलदीप सिंह बग्गा ,सतीश खुराना, नितिन चरण वाल्मीकि, गोल्डी गौराया, दिलीप सिंह जीना, सुजात खान, देवेंद्र शर्मा, चंदन जायसवाल, राजकुमार कोली, हरीश सक्सैना, चुरामणि, पुरन भट्ट आदि आदि लोग उपस्थित थे।

# स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नशे की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान में गदरपुर पुलिस ने एक युवक को 9 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार गदरपुर पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान सरोवर नगर क्षेत्र के बरेली नगर नंबर एक मोड़ से ईट भट्ठे को जाने वाली रोड से एक युवक को 9.45 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम सोना सिंह पुत्र जीत सिंह निवासी खुशालपुर बताया है। पुलिस ने आरोपी



के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। इस दौरान पुलिस टीम में थाना अध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान, सकेनिया चौकी इंचार्ज नरेंद्र कुमार, उप निरीक्षक सुरेश सिंह ढेक,कांस्टेबल जीवन फुलेरा मौजूद रहे।

## पेज एक का शेष...

**मुठभेड़ में एक और..** व्यक्ति मोटरसाइकिल में भागते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने पीछा किया तो उन्होंने पुलिस पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी जिस पर पुलिस ने जवाबी फायरिंग शुरू कर दी जिसमे साजिद उर्फ काला को गोली लग गयी और मोटरसाइकिल गिर गयी जबकि दूसरा व्यक्ति फरार हो गया। घायल साजिद को प्राथमिक उपचार देने के बाद हायर सेंटर रैफर किया गया है। बदमाश साजिद के पास से पुलिस ने एक 315 बोर का तमंचा एक खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस समेत लूट में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। घटना की जानकारी मिलते ही एसएसपी मणिकांत मिश्रा मौके पर पंहुचे और पुलिस कर्मियों का हौसला बढ़ाया और कार्यवाही की तारीफ की। साथ ही गिरफ्त में आये साजिद से भी पूछताछ की। एसएसपी ने बताया कि गिरफ्त में आया साजिद पेशेवर अपराधी है उस पर लूट,डकैती हत्या के प्रयास समेत कुल 15 मामले दर्ज हैं। 14 सितंबर को मौ. जुलाहान जसपुर निवासी सर्राफ संजीव कुमार वर्मा पुत्र राधेश्याम वर्मा के साथ हुई लाखों की लूट में साजिद भी शामिल रहा था। एसएसपी मणिकांत ने बदमाशों को चेतावनी देते हुए कहा कि बदमाश उधमसिंहनगर में अपराध करना छोड़े दे या जनपद से भाग जाए पुलिस की बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्यवाही चलती रहेगी।


### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी उत्तराखंड बोर्ड हाई स्कूल वर्ष 2020 की अनुक्रमांक संख्या 20203115 की अंकतालिका वास्तव में कहीं गुम हो गई है। जिसका किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उपयोग अवैध माना जायेगा।

अंकित पाल पुत्र श्री बादल पाल निवासी ग्राम अभयपुरा उर्फ जोखनपुर, बसई जिला बरेली उ.प्र, हाल निवासी खेड़ा, रूद्रपुर,जिला उधामसिंह नगर,उत्तराखण्ड

### सूचना

सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Gurmit kaur (पुराना नाम) से बदलकर Gurmeet kaur (नया नाम ) रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नए नाम Gurmeet kaur के नाम से जाना पहचाना जाए।

गुरमीत कौर पत्नी गुरमेल सिंह, निवासी- बालाजी मंदिर गु0 रोड नानकमत्ता, जिला-उधम सिंह नगर,उत्तराखण्ड


**निकाय चुनाव की सबसे..** समझा जाता है कि एक-दो दिन के भीतर यह रिपोर्ट मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की टेबल तक पहुंच जाएगी,मगर सीएम को निकाय चुनाव के कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए प्रवर समिति की रिपोर्ट का इंतजार करना पड़ेगा ,क्योंकि प्रवर समिति की बैठक चार अक्तूबर को होनी है। उल्लेखनीय है कि सरकार ने हाईकोर्ट में निकाय चुनाव 25 दिसंबर से पहले कराने का आश्वासन दिया था। इसी क्रम में 10 नवंबर को राज्य निर्वाचन आयोग निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी करेगा। इसलिए सरकार निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले आरक्षण संबंधी सभी औपचारिकताएं पूरी करने के हर संभव प्रयास कर रही है ताकि एससी एसटी एवं ओबीसी वोटरों को भाजपा के साथ बांधे रखा जा सके।

**महिला की मौत पर ..** बरती गई। लक्ष्मण सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि उनकी माता का गत दोपहर ही निधन हो गया था लेकिन उन्हें आज सुबह इसकी जानकारी दी गई। उनका कहना था कि उन्होंने ही फोन कर पुलिस को यहां बुलवाया। उधर चिकित्सालय प्रबंधन का कहना है कि उपचार में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती गई है। बाद में पुलिस ने दोनों पक्षों के मध्य वार्ता करवाकर मामला शांत करवाया। जिसके पश्चात परिजन औपचारिकतायें पूरी कर वृद्धा का शव लेकर घर की ओर रवाना हो गये।

**डीजीपी की जनसुनवाई...** लेकर पहुंचा था। जब वह कार्यक्रम स्थल में प्रवेश करने लगा तो गेट पर तैनात पुलिस कर्मियों ने उसे प्रवेश करने से रोक दिया। जब उसने बताया कि वह डीजीपी से शिकायत का समाधान कराने को जा रहा है तो पुलिसकर्मियों ने उससे बदसलूकी करते हुए उसे पकड़कर उठा लिया और कोतवाली में ले जाकर बैठा दिया। यह सारा दृश्य सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। दीपक सुयाल को पूर्व में कमिश्नर व कई अधिकारियों द्वारा सम्मानित भी किया जा चुका है। दीपक आईटी एक्ट सम्बंधित मामले को लेकर कई दिनों से अधिकारियों के पास चक्कर काट रहा था। जिसमें सुनवाई न होने पर आज वह डीजीपी के सामने अपनी समस्या रखना चाहता था। लेकिन पुलिस द्वारा उससे बदसलूकी कर उसे अंदर नहीं जाने देने से गेट पर बबाल हुआ।

**लाखों की ठगी का ...** जरिये लाकर कोतवाली रुद्रपुर में दाखिल किया गया है। एसएसपी एसटीएफ ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी एक पेशेवर व शातिर ठग है उसके द्वारा वर्ष 2010 में रेलवे विभाग में नौकरी दिलाने के एवज में कई लोगों के साथ लाखों रुपये की ठगी व धोखाधड़ी की गयी थी । उसके खिलाफ कोतवाली रुद्रपुर में मुकदमा पंजीकृत है। उक्त मामले की विवेचना राज्य की सीबीसीआईडी शाखा द्वारा की गयी थी। रुद्रपुर न्यायालय द्वारा उसकी गिरफ्तारी हेतु स्थायी वांरट जारी किया गया था जिसपर 2 फरवरी 2023 को जनपद ऊधमसिंह नगर से उसपर 25000 का ईनाम घोषित किया गया । गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक बृजभूषण गुरानी, अपर उपनिरीक्षक प्रकाश भगत, मुख्य आरक्षी रियाज अख्तर, मुख्य आरक्षी जगपाल सिंह, आरक्षी चालक संजय कुमार, टैक्नीकल टीम में उपनिरीक्षक केजी मठपाल, सर्विलांस एक्सपर्ट किशन चन्द्र एवं आरक्षी दीपक भट्ट आदि शामिल रहे।

**बेटे को जेल से ...** को बचाने के लिए कुल ढ़ाई लाख रूपये जमा कर दिये । कुछ देर बाद उसने अपने बेटे पंकज बंन्सल से बात करी तो उसने किसी भी तरह का एक्सीडेंन्ट होने से मना कर दिया। केवल कृष्ण ने बताया अज्ञात व्यक्तियों ने उसके साथ धोखाधड़ी करते हुए उसके बेटे के नाम से ब्लैकमेल करते हुए उसको धोखा देकर ढ़ाई लाख रूपये हड़पने की कोशिश की। बलिया ब्रांच में 150000 रूपये होल्ड रखा हुआ है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।


संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक- परमपाल सुखीजा

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# मेरे साथ हुई साजिश, मुझे चुनाव में नहीं हरा पाए!

## 23 दिन बाद पुलिस के शिकंजे में फंसा विधवा महिला से दुष्कर्म का आरोपी मुकेश बोरा भगाने वाले परिवहन कर अधिकारी, ब्लॉक प्रमुख सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा






हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आखिरकार विधवा महिला से दुष्कर्म करने के सनसनखेजे मामले में नामजद नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा को पुलिस ने 23 दिन बाद रामपुर यूपी के चक्कू चौक से गिरफ्तार कर लिया है। वह 23 दिनों से फरार चल रहा था। मुकेश बोरा रामपुर में अपने वकील से मिलने आ रहा था। इसी दौरान पुलिस ने सर्विलांस की मदद से उसे गिरफ्तार कर लिया है। इधर दुष्कर्म का आरोप लगने पर मुकेश बोरा ने राजनीतिक साजिश का दावा किया है। मूलरूप च्यूरी गाड़ धारी मुक्तेश्वर नैनीताल और हाल हिम्मतपुर मल्ला मुखानी निवासी मुकेश बोरा पर एक महिला कर्मी ने एक सितंबर को लालकुआं कोतवाली में मुकेश बोरा और उसके चालक कमल बेलवाल के खिलाफ तहरीर दी थी। आरोप था कि मुकेश बोरा ने स्थायी नौकरी का वादा कर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। साथ ही उसकी 12 साल की बच्ची पर भी गलत नजर रख रहा था। आरोपी ने 12 वर्षीय बेटी से भी छेड़छाड़ की। इस मामले में एक सितंबर को मुकदमा दर्ज होते ही मुकेश फरार हो गया था। तब से पुलिस की पांच टीमें लगातार उसकी तलाश कर रही थीं। पुलिस बहुउद्देशीय भवन में मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी पीएन मीणा ने बताया कि मुकेश ने फरारी के दौरान लगातार अपने ठिकाने बदले। वह उत्तराखंड से भाग कर बरेली, नोएडा, फरीदाबाद, दिल्ली, मध्य प्रदेश और राजस्थान में रुका। कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट में अपने वकील के माध्यम से जमानत लेना चाहता था। इस मामले में वह अपने वकील से मिलने रामपुर आ रहा था। आरोपी के पीछे लगी पुलिस टीमों ने मोबाइल सर्विलांस और सीसीटीवी की मदद से उसे ट्रैक किया और उत्तर प्रदेश के रामपुर स्थित चक्कू चौक से गिरफ्तार कर लिया।एसएसपी पीएन मीणा ने बताया कि मुकेश बोरा को फरारी में परिवहन कर अधिकारी नंदन प्रसाद आर्या, उसकी पत्नी धारी की ब्लॉक प्रमुख आशा रानी, निर्वतमान चेयरमैन भीमताल नगर पालिका देवेंद्र सिंह चनौतिया और प्रापर्टी डीलर सुरेंद्र सिंह परिहार ने मदद की। कहा कि चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमे में आईपीसी की धारा 212 (249 बीएलएस) की कार्रवाई की गई है। इन चारों ने मुकेश बोरा को गिरफ्तारी से बचाने के लिए संरक्षण दिया। पुलिस ने मुकेश बोरा के पास से एक नया मोबाइल बरामद किया है। इस नए मोबाइल से पुलिस सीडीआर निकालेगी। इस सीडीआर की मदद से ये पता लगाएगी कि मुकेश बोरा किस-किसके संपर्क में था, उसे आर्थिक मदद कौन उपलब्ध करा रहा था। वह इस दौरान कहां-कहां रुका था। गौरतलब है कि लालकुंआ में एक विधवा महिला से दुष्कर्म और उसकी नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ के मामले में फरार चल रहे नैनीताल दुग्ध संघ के अध्यक्ष और बीजेपी नेता मुकेश बोरा को गिरफ्तार किया गया है। एक सितंबर को मुकेश बोरा के विरुद्ध महिला ने नौकरी पक्की करने के नाम पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। इसी दिन पुलिस ने दुष्कर्म का केस दर्ज दिया। दो सितंबर को मुकेश बोरा पर पोक्सो की धारा बढ़ाई गई। क्योंकि महिला ने बेटी से छेड़छाड़ करने का आरोप भी लगाया था। तभी से गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग को लेकर बोरा कोर्ट गया था। कोर्ट ने याचिका निरस्त की तो वह हाई कोर्ट पहुंच गया था। 13 सितंबर को हाई कोर्ट ने गिरफ्तारी पर सशर्त रोक लगा दी थी। 17 को गिरफ्तारी की याचिका खारिज हो गई। तब से बोरा फरार हो गया था। अब पुलिस ने 25 सितम्बर को उसके अरमानों पर पानी फेर दिया और गिरफ्तार कर हल्द्वानी ले आयी है। पुलिस अब पीड़ित महिला को न्याय दिलाने के साथ ही दूध का दूध और पानी का पानी करने के लिए कितने कानूनी दावेपेच आजमाती है यह भविष्य में पता चलेगा।

# सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी में था मुकेश बोरा, पुलिस को मिली बड़ी सफलता

## दुष्कर्म के दाग से बोरा का राजनीतिक कैरियर बर्बाद, करीबियों की भी मुश्किलें बढ़ी

हल्द्वानी। उत्तराखंड में सत्तासीन भाजपा से जुड़े कद्दावर नेता मुकेश बोरा की गिरफ्तारी को लेकर राजनीतिक गलियारों में कई तरह की चर्चाओं का दौर चल रहा है। महिला उत्पीड़न को लेकर क्षेत्रवासियों व्याप्त जनाक्रोश और कार्यवाही नहीं होने से विपक्ष के लगातार हमलावर रूख के बीच नैनीताल पुलिस ने दुष्कर्म व पोक्सो के आरोपित नैनीताल दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा को उत्तर प्रदेश के रामपुर के चक्कू चौक से गिरफ्तार कर बड़ी सफलता भी हासिल की है। वहीं मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस की आंखो में धूल झोंक कर फरार कराने वाले बोरा के मददगारों पर भी पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि आरोपित बोरा सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी में था। रामपुर में वह अपने अधिवक्ता से मिलने पहुंचा था। तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया। बुधवार को आरोपी की गिरफ्तारी के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा ने खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस की पांच टीमें मुकेश बोरा की तलाश कर रही थी। इस बीच पुलिस ने मुकेश बोरा को भगाने वाले लोगों को भी सह अभियुक्त के रूप में विवेचना में जोड़ा है, साथ ही उत्तर प्रदेश के रामपुर से पुलिस ने मुकेश बोरा को गिरफ्तार किया है। एसएसएपी ने गिरफ्तार करने वाली टीम को ढाई हजार रुपये के इनाम की घोषणा भी की है। दुग्ध संघ में काम करने वाली महिला ने मुकेश बोरा पर दुष्कर्म और उसीक बेटी से छेड़छाड़ का आरोप लगाया था। महिला की तहरीर पर मुकेश बोरा के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और दुष्कर्म की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। मुकदमा दर्ज होते ही बोरा फरार चल रहा था। पुलिस ने उसकी संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई शुरू कर दी थी। बोरा के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। बोरा की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें यूपी, राजस्थान, पंजाब और दिल्ली में डेरा डाले थी। गिरफ्तारी के बाद मुकेश बोरा ने अपने उपर लगे आरोपों को निराधार बताया है। बोरा ने दावा किया कि उसके खिलाफ साजिश रची गई है। गिरफ्तारी के बीच बोरा को हल्द्वानी कोतवाली लेकर पहुंची पुलिस के चंगुल में फंसे बोरा ने मीडिया को देखकर बड़ा दावा भी किया। मुकेश बोरा ने कहा कि मेरे साथ साजिश हुई है। कहा वर्षों से जो मुझे चुनाव में नहीं हरा पाए। आज उन्होंने यह अंतिम हथकंडे के रूप में मेरी 34 साल की मेहनत बरबाद करने की कोशिश की है। मुझे गोल्जयू देवता और न्ययापालिका पर भरोसा है। जो भी परिणाम सामने आएंगे, मुझे स्वीकार होंगे। इस बीच पत्रकार के साजिशकर्ता के नाम पर सवाल पर बोरा ने कहा कि आप मुझसे ज्यादा जानते हैं। मुकेश बोरा से करीबी और रिश्तेदारी जिले के दो नेताओं के राजनीतिक कॅरिअर पर भारी पड़ गई। दुष्कर्म के आरोपी का भागने में साथ देना, दोनों की राजनीतिक छवि को कितना नुकसान पहुंचाएगा, यह तो आने वाला समय ही बताएगा, लेकिन भाजपा की ब्लॉक प्रमुख और कांग्रेस से निवर्तमान चेयरमैन के खिलाफ विपक्षियों को बैठे बिठाए चुनावी मुद्दा जरूर मिल गया है। धारी ब्लॉक प्रमुख आशा रानी, परिवहन कर अधिकारी नंदन आर्या, प्रॉपर्टी डीलर सुरेंद्र परिहार, भीमताल के निवर्तमान चेयरमैन देवेंद्र चनौतिया पर मुकेश बोरा के भागने में सहयोग करने पर धारा 212 आईपीसी (249 बीएनएस) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। दुष्कर्म के आरोपी का साथ देने के मामले में आरोप लगने के बाद कांग्रेस से जुड़े देवेंद्र चनौतिया और भाजपा से जुड़ीं आशा रानी की मुश्किलें बढ़ना तय हैं,क्योंकि दिसंबर में पंचायत चुनाव प्रस्तावित है। मुकेश बोरा के गिरफ्तार होने के बाद से भाजपा और कांग्रेस में दोनों नेताओं के कॅरिअर को लेकर तमाम चर्चाएं हैं।




